प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



राफ़ेल-भारतीय वायु सेना की पहली पसंद बना पेज- 2

पेज-6 गैस सिलेण्डर फटने से आयुर्वेदिक चिकित्सक समेत आधा दर्जन झुलसे

वर्ष : 15 अंक : 59 | मंगलवार 17 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## भारत कृत्रिम मेधा से आ रहे बदलाव के क्षेत्र में अग्रणी है : प्रधानमंत्री मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत कृ





त्रिम मेधा (एआई) से आ रहे बदलाव के क्षेत्र में अग्रणी है और एआई क्षेत्र में उसकी प्रगति महत्वाकांक्षा एवं दायित्व दोनों को दर्शाती है। मोदी की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब वह यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करने वाले हैं। इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ किया जाएगा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एआई पर चर्चा करने के लिए दुनिया को एक साथ ला रहे हैं! आज से, भारत दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी कर रहा है। मैं इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं, उद्योगपतियों, नवोन्मेषकों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और प्रौद्योगिकी प्रेमियों का हार्दिक स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन का विषय सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय है, जो मानव–केंद्रित प्रगति के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि आज एआई स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, शासन और उद्यम सहित कई क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट एआई के विविध पहलुओं जैसे नवाचार, सहयोग, जिम्मेदार उपयोग आदि पर वैश्विक चर्चा को समृद्ध करेगा। मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि शिखर सम्मेलन के परिणाम एक प्रगतिशील, नवोन्मेषी और अवसर–उन्मुख भविष्य को आकार देने में सहायक होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की 1.4 अरब जनता की बदौलत हमारा देश एआई से आए परिवर्तन में अग्रणी स्थान पर है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर जीवंत स्टार्टअप तंत्र और अत्याधुनिक अनुसंधान तक, एआई में हमारी प्रगति महत्वाकांक्षा और जिम्मेदारी दोनों को दर्शाती है। इससे पहले रविवार को मोदी ने भारत को डिजिटल बुनियादी ढांचे और कृत्रिम मेध ा के वैश्विक केंद्र के रूप में पेश किया और कहा कि भारत दुनिया के डेटा को संभालने एवं प्रौद्योगिकी क्रांति की अगली लहर का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

## सुप्रीम कोर्ट का सीएम हिमंता के खिलाफ हेट स्पीच मामले में एफआईआर की मांग पर सुनवाई से इनकार

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ कथित हेट स्पीच को लेकर एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता के पास वैकल्पिक कानूनी उपाय उपलब्ध हैं और वे संबंधित हाईकोर्ट या सक्षम प्राधिकरण का रुख कर सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि हर चुनावी विवाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाना एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही है। कोर्ट ने टिप्पणी की आप गौहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए? उसकी अधिकारिता को कमतर न आंकें। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इस मामले की सुनवाई में तेजी लाने का अनुरोध भी किया। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि मुख्यमंत्री बार–बार विवादित बयान



देते रहे हैं और मामले की गंभीरता को देखते हुए शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना चाहिए। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री के कुछ सार्वजनिक बयानों से समाज में वैमनस्य फैलाने का खतरा पैदा हुआ है, इसलिए उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि हर आरोप पर सीधे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना उचित नहीं है और संवैधानिक व्यवस्था में निचली अदालतों तथा हाईकोर्ट की भूमिका अहम है। अदालत के इस रुख को न्यायिक अनुशासन और प्रक्रिया की मर्यादा के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, इस फैसले के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका सीपीएम और सीपीआई की ओर से दाखिल की गई है। सीपीआई की ओर से इसके महासचिव ए राजा की पत्नी एनी राजा ने अर्जी दायर की है। इसमें दावा किया गया है कि 27 जनवरी को हिमंत बिस्वा सरमा ने पहले एक जनसभा में हेट स्पीच दिया और फिर असम बीजेपी की ओर से एक्स हैंडल पर उनका एक हेट वीडियो भी शेयर किया गया, जिसमें वे कथित तौर पर एक एनिमेटड तस्वीर पर बंदूक चला रहे हैं, जिसमें दो मुसलमान नजर आ रहे हैं। याचिका के मुताबिक जनसभा में असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची से चार से पांच लाख मियां वोटर निकाले जाएंगे और यह आरोप लगाया है कि हिमंत बिस्वा सरमा और बीजेपी सीधे मियाओं के खिलाफ हैं। असम में मुसलमानों के लिए तंज भरे अंदाज में मियां शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, असम बीजेपी ने 7 फरवरी को जो वीडियो शेयर किया था, उसमें सरमा न सिर्फ कथित रूप से एनिमेटेड इमेज पर बंदूक से निशाना दाग रहे थे, बल्कि उसके ऊपर प्वाइंट ब्लैंक शॉट और नो मर्सी जैसे शब्द भी लिखे हुए थे। याचिकाकर्ताओं की शिकायत है कि ऐसे कंटेंट अल्पसंख्यकों के खिलाफ दुश्मनी, उनके बहिष्कार और धमकाने का माहौल बनाता है। याचिका में कहा गया है कि विवाद के बाद आधि ाकारिक हैंडल से तो इसे हटा दिया गया, लेकिन यह अभी भी धड़ल्ले से सर्कुलेट हो रहा है। याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से इस मुद्दे पर तत्काल दखल देने की मांग की और यह भी कहा कि अभी तक कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट आने वाले समय में इस मामले की सुनवाई शुरू कर सकता है। हालांकि, जब असम के मुख्यमंत्री से मीडिया ने कथित वीडियो के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मैं किसी वीडियो के बारे में कुछ नहीं जानता।

## सरकार बताए कि व्यापार समझौता बराबरी के आधार पर हुआ या जबदस्ती : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को लेकर सोमवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर भारत के हितों को दांव पर लगाने का आरोप लगाया और कहा कि देश इस बात का जवाब मांग रहा है कि यह समझौता बराबरी के आधार पर हुआ है या जबरदस्ती किया गया है। पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा भी किया कि यह समझौता कई अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को खोल देगा तथा इसमें आत्मनिर्भरता के साथ भी समझौता कर लिया गया है। सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, व्यापार समझौते देश की संप्रभुता को त्याग कर, गुलामी का रास्ता कभी नहीं हो सकते। अमेरिका–भारत व्यापार समझौते में मोदी सरकार ने देश और किसानों की बलि दे दी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा से सरेआम खिलवाड़ किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने जो किया उससे भारत की डिजिटल स्वायत्तता और डेटा की निजता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि भारतीय हितों की रक्षा के लिए मजबूती से खड़े होने के बजाय इस मजबूर सरकार ने भारत की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता से समझौता कर लिया। कांग्रेस नेता ने कहा, देश यही सवाल पूछ रहा है कि यह मजबूत सरकार है या मजबूर सरकार? भारत आत्मनिर्भर है या अमेरिका–निर्भर हो गया? मोदी सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत के हित को दांव पर लगा दिया है। उनके मुताबिक, छह फरवरी,



2026 के पहले समझौते के मसौदे में ही सहमति जताई गई है कि भारत बिना किसी आयात शुल्क के अमेरिका के खाद्य व कृषि उत्पादों के लिए हमारा बाजार खोल देगा। सुरजेवाला ने सवाल किया कि अगर भारत में प्रसंस्कृत मक्का, ज्वार, सोयाबीन, फल व अन्य उत्पाद भी आएंगे, तो क्या उनका सीधा प्रभाव भारत की जैविक विविधता और बीज शुद्धता पर नहीं पड़ेगा? उन्होंने दावा किया कि अब अमेरिकी कपास के भारत में निशुल्क आयात का दरवाजा भी मोदी सरकार ने खोल दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा, इसके अलावा, बांग्लादेश भारत से करीब 50 प्रतिशत कपास आयात करता है। मगर अब कपास का भारत से बांग्लादेश को निर्यात भी बंद हो जाएगा, जो कि हमारे किसान पर दोहरी मार होगी। सुरजेवाला ने कहा कि क्या यह देशहित में है कि व्यापार समझौते में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने की भारत पर पाबंदी लगाई गई है? उन्होंने कहा, यह व्यापार समझौता बराबरी के आध ार पर हुआ है या जबरदस्ती के आधार पर, देश जवाब मांग रहा है। कांग्रेस महासचिव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जब भी इस व्यापार समझौते के खिलाफ बड़े आंदोलन की रूपरेखा बनेगी, तो उससे सभी को अवगत कराया जाएगा।

## अभिभाषण के दौरान विपक्ष का जोरदार हंगामा, कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित

(एजेंसी) भोपाल मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत तीखे राजनीतिक माहौल के बीच हुई। सत्र के पहले दिन राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सदन को संबोधित किया, लेकिन विपक्ष के जोरदार विरोध और नारेबाजी के कारण कार्यवाही बार–बार बाधित होती रही। सदन की शुरुआत परंपरागत रूप से छह छंदों में 'वंदे मातरम' के गायन के साथ हुई, जिसके बाद राज्यपाल ने अपना अभिभाषण प्रारंभ किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में सरकार की विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और 'संकल्प पत्र 2023' के वादों पर हुई प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृत काल' विजन का जिक्र करते हुए वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य दोहराया। भाषण में बुनियादी ढांचे, निवेश, कृषि और सामाजिक योजनाओं में सरकार की उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा गया। अभिभाषण के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नल–जल योजना और इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों का मुद्दा उठाया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि राज्यपाल के भाषण में इन गंभीर विषयों का उल्लेख नहीं किया गया। इसी बात को लेकर विपक्षी विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे सदन का माहौल गरमा गया। लगातार शोर–शराबे के बावजूद राज्यपाल ने अपना अभिभाषण पूरा किया। उनके सदन से प्रस्थान के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने शेष अभिभाषण को पढ़ा हुआ मानने की घोषणा की। इसके बाद सदन की कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी गई। बजट सत्र 6 मार्च तक जारी रहेगा। बजट सत्र की इस हंगामेदार शुरुआत ने साफ संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है।

## बीजेपी का राहुल गांधी पर सीधा हमलाः कहा- अपनी पार्टी को ही नहीं है राहुल पर भरोसा

(एजेंसी) नई दिल्ली। बीजेपी ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह एक असफल वंशवादी हैं क्योंकि न तो उनकी



अपनी पार्टी के नेताओं को और न ही उनके सहयोगियों को उन पर कोई भरोसा है। भाजपा ने यह हमला ऐसे वक्त किया है जब कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजते हुए आरोप लगाया कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है और प्रदेश इकाई में उन्हें उचित स्थान नहीं दिया जा रहा है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी पर नहीं है भरोसा। पूनावाला ने कहा, तृणमूल कांग्रेस कहती है राहुल को हटाओ, ममता को लाओ, इंडी–गठबंधन को बचाओ। असम के कांग्रेस नेता भूपेन बोरा ने इस्तीफा दिया। मणि (शंकर) अय्यर कहते हैं कि कांग्रेस केरल हारेगी और विजयन जीतेंगे। भाजपा नेता ने सवाल किया कि क्या यह समझने के लिए और सबूतों की जरूरत है कि न तो गांधी की अपनी पार्टी के नेता और न ही उनके सहयोगी उन्हें गंभीरता से लेते हैं। पूनावाला ने कहा, राहुल के पास न तो जनमत है और न ही संगत... राहुल एक असफल विशेषाधिकार प्राप्त वंशवादी हैं। रविवार को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि उन्हें विश्वास है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन अपने पद पर बने रहेंगे। अय्यर की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। कांग्रेस ने उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग करते हुए कहा कि अय्यर का पिछले कुछ वर्षों से पार्टी से कोई संबंध नहीं है और वह पूरी तरह से निजी रूप से बोलते और लिखते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस नेताओं द्वारा राहुल गांधी को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। राहुल गांधी को कांग्रेस के कट्टर वफादार मणिशंकर अय्यर ने खुलेआम नकार दिया। भंडारी ने कहा, अय्यर हों या तृणमूल कांग्रेस या भूपेन बोराय सब जानते हैं। राहुल गांधी राजनीतिक पप्पू हैं। कांग्रेस में अपना पूरा जीवन बिताने वाले वफादार अब खुलेआम राहुल गांधी के खिलाफ बोल रहे हैं।

## चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव को मिली बड़ी राहत, दिल्ली हाईकोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

(एजेंसी) नई दिल्ली। चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल में बंद अभिनेता राजपाल यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए 18 मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। न्यायालय ने यह राहत 1.5 करोड़ रुपये की राशि जमा करने की शर्त पर प्रदान की थी, जिसका पालन अभिनेता ने निर्धारित समय सीमा के भीतर कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि अभिनेता दोपहर 3 बजे तक प्रतिवादी कंपनी के नाम पर 1.5 करोड़ रुपये जमा कर देते हैं तो उन्हें अंतरिम राहत दी जा सकती है। अदालत ने यह भी कहा था कि यदि राशि समय पर जमा नहीं की गई तो अगली सुबह मामले पर फिर सुनवाई की जाएगी। राजपाल यादव की ओर से निर्धारित समय के भीतर राशि जमा कर दी गई। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने उन्हें 18 मार्च तक के लिए जमानत प्रदान कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने आदेश पारित करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को 1.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही अदालत को यह भी बताया गया कि अभिनेता की भतीजी की शादी 19 फरवरी को निर्धारित है। इस पारिवारिक कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए अदालत ने उन्हें सीमित अवधि के लिए अंतरिम जमानत देने का निर्णय लिया। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी और उस दिन राजपाल यादव को अदालत में व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होना होगा। न्यायालय ने कहा, "हम किसी भी प्रकार की विसंगति नहीं चाहते।" मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान राजपाल यादव के वकील ने अदालत को आश्वस्त किया कि अभिनेता बिना किसी शर्त के फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) के माध्यम से 1.5 करोड़ रुपये जमा करने के लिए तैयार हैं। इस पर न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि भुगतान डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के माध्यम से होना चाहिए। अदालत ने यह भी दर्ज किया कि पहले से ही 25 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट प्रतिवादी के नाम पर मौजूद था और 75 लाख रुपये का एक अतिरिक्त डिमांड ड्राफ्ट भी पहले जमा किया जा चुका था। शेष राशि जमा होने के बाद कुल 1.5 करोड़ रुपये की शर्त पूरी हो गई। राजपाल यादव के खिलाफ चेक बाउंस से संबंधित मामला दर्ज



है। आरोप है कि उन्होंने एक कंपनी से उधार लिया था और भुगतान के लिए जारी किए गए चेक बाउंस हो गए। इसी मामले में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था और वह तिहाड़ जेल में बंद थे। चेक बाउंस के मामलों में भारतीय दंड संहिता और परक्राम्य लिखत अधिनियम की संबंधित ध ाराओं के तहत कार्रवाई की जाती है। ऐसे मामलों में अदालत अक्सर बकाया राशि की अदायगी और अन्य शर्तों के आधार पर राहत प्रदान करती है। अदालत के आदेश के बाद राजपाल यादव अब 18 मार्च तक जेल से बाहर रह सकेंगे। इससे उन्हें अपने पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। उनकी भतीजी की शादी 19 फरवरी को है, जिसके लिए उन्होंने जमानत की मांग की थी। साथ ही, आगामी त्योहार होली भी इस अवधि में पड़ रही है। ऐसे में अभिनेता को अपने परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह राहत केवल अंतरिम है और अंतिम निर्णय अगली सुनवाई के बाद ही होगा। 18 मार्च को मामले की विस्तृत सुनवाई की जाएगी, जिसमें अदालत आगे की कार्रवाई और शर्तों पर विचार करेगी। यदि अभिनेता निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होते या किसी शर्त का उल्लंघन करते हैं तो जमानत रद्द भी की जा सकती है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि आगे की सुनवाई में मामले के अन्य पहलुओं पर विस्तार से चर्चा होगी। कानूनी जानकारों का कहना है कि चेक बाउंस के मामलों में अदालतें प्रायः बकाया राशि की अदायगी को प्राथमिकता देती हैं। यदि आरोपी राशि जमा कर देता है और सहयोगात्मक रुख अपनाता है, तो अंतरिम राहत मिलने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि अंतिम निर्णय मामले की संपूर्ण परिस्थितियों पर निर्भर करता है। राजपाल यादव को मिली यह अंतरिम जमानत उनके लिए फिलहाल बड़ी राहत मानी जा रही है। अदालत द्वारा निर्धारित वित्तीय शर्त पूरी करने के बाद उन्हें सीमित अवधि के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति मिली है। अब सभी की निगाहें 18 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां इस मामले में आगे की दिशा तय होगी।

# सम्पादकीय

## योगी ने विपक्ष को दिखाया आईना

देश और राज्यो की सियासत में एक बार फिर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को लेकर बड़ा सियासी और वैचारिक विवाद खड़ा हो गया है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि केंद्र सरकार के ऐलान के बाद प्रदेश में अब सभी शिक्षण संस्थानों, मदरसों और सरकारी कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के सभी 6 छंदों का गायन अनिवार्य किया जाएगा। जिसके बाद बेंगलुरु की जामिया मस्जिद के चीफ इमाम मौलाना इमरान मकसूद ने सभी स्कूलों और मदरसों में वंदे मातरम् गाना जरूरी करने वाले सरकारी ऑर्डर पर एतराज जताया है। एक बयान में मौलवी ने कहा कि मुस्लिम कम्युनिटी नेशनल एंथम (जन गण मन) का बहुत सम्मान करती है और उसकी इज्जत बनाए रखती है, लेकिन वंदे मातरम को लेकर उन्हें कुछ दिक्कतें हैं।


नफीस जाफरी

उन्होंने बताया कि गाने में कुछ लाइनें देवी दुर्गा की पूजा का जिक्र करती हैं, जो इस्लामिक मान्यताओं के खिलाफ है, क्योंकि इस्लाम सिर्फ अल्लाह की इबादत की इजाजत देता है। तो वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वंदे मातरम को गाने को लेकर शुरू हुए विवाद और अलग–अलग दलों के द्वारा इसका विरोध करने को लेकर सदन में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सदन में बोलते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधा निशाना साधा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वंदे मातरम का विरोध करने वालों को नसीहत देते हुए सदन में कहा कि ये वो लोग हैं जो बाबर की कब्र में सजदा का समर्थन करते हैं और वंद मातरम का विरोध करते हैं। माफियाओं की कब्र में फतिया पढ़ने के लिए जाते हैं। कांग्रेस और सपा के नेता भी बोल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि ये लोग कह रहे हैं कि वंदे मातरम नहीं गाएंगे। हिंदुस्तान का खाएंगे लेकिन वंदे मातरम नहीं गाएंगे। आपकी पार्टी के ही नेताओं ने कहा है. समाजवादी पार्टी के एक सांसद ने कहा है। कांग्रेस के भी एक सांसद ने कहा है। अगर आप ऐसे सांसदों के बयान का विरोध करते हैं तो मैं आपका स्वागत करता है. पार्टी में ये लागू होना चाहिए, जैसे की हम कह सकते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में कोई भी वंदे मातरम का अपमान नहीं कर सकता। उसी तरह कांग्रेस और दूसरी पार्टियों में भी ये नियम बनना चाहिए। और जो व्यक्ति वंदे मातरम का विरोध करता है उसे कान पकड़कर और धक्का मारकर पार्टी से बाहर करना चाहिए। समाजवादी पार्टी को भी इस बात की घोषणा करना चाहिए। वंदे मातरम का जो विरोध करेगा उसे वही जाना चाहिए जहां उसे वंदे मातरम के स्वर का विरोध करने वाला मिलता हो। हिंदुस्तान की धरती पर तो उसे रहने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अचानक प्रदेश का परसेप्शन खराब नहीं हुआ था। यही आचरण था, जिस आचरण से बिटिया घबराती थी और व्यापारी कारोबार समेटता था. उसकी एक झलक अभिभाषण के दौरान भी यहां पर देखने को मिल रही थी और वह किसी भी स्थिति में मुझे नहीं लगता है कि प्रदेश का कोई भी व्यक्ति उसको स्वीकारेगा। आपकी बात व्यवहारिक थी और आप व्यवहारिक बात बोलने का प्रयास भी करते हैं, अलग विषय है कि आपके हाथ बंधे हुए हैं, लेकिन आपकी बातों को सुनकर के मुझे ये चीजें लग रही थीं, मैं आपकी सभी बातों का जवाब भी दूंगा, और जो ग़ालिब ने भी कहा था, कि ग़ालिब उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ़ करता रहा। इस बात को लेकर मुझे यही लगा कि आप इसीलिए सदन में उपस्थित नहीं हुए थे क्योंकि आपके नियंत्रण से बाहर समाजवादी पार्टी के सदस्य रहे होंगे। इसलिए आपने कहा होगा कि अब इन उच्छृंखलों के बीच में रहने से अच्छा है कि हम स्वयं बाहर रहें, लेकिन आचरण जो भी था वो अच्छा नहीं था। वो अच्छा आचरण नहीं था और उस अच्छे आचरण की .ष्टि से आज इस सदन की अभिभाषण की शुरुआत मैं यहीं से करता हूं.आप सनातन की बात कर रहे थे,सनातन धर्म के सबसे बड़े व्याख्या कार हैं वो महर्षि वेदव्यास जी हैं,उन्होंने वेदों को लिपिबद्ध करके आने वाली पीढ़ी को दिया।

# राफ़ेल-भारतीय वायु सेना की पहली पसंद बना


गुलफिशा खान

अब तक का सबसे बड़े रक्षा सौदा करने जा रहा भारत, जिसके तहत 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मिल सकती है मंजूरी। पिछले साल, भारतीय वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय को 114 और राफेल लड़ाकू जेट खरीदने के लिए एक औपचारिक प्रस्ताव भेजा था। सूत्रों के अनुसार, भारत और फ्रांस इस महीने ही 114 लड़ाकू जेट के अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। पिछले साल अप्रैल में, भारत ने भारतीय नौसेना को और अधिक ताकत देने के लिए फ्रांस के साथ 26 राफेल–मरीन लड़ाकू जेट खरीदने के लिए 63,000 करोड़ रुपए का एक ऐतिहासिक समझौता किया था। भारतीय वायुसेना अब 114 राफेल खरीदने जा रही है। ऐसें में कईयों के मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब दुनियां में पांचवीं पीढ़ी का फाइटर मौजूद है तो भारत ने फ्रांस से आखिरकार 4. 5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने का फैसला क्यों लिया। ये डील इतनी बड़ी है कि इसे मदर ऑफ आल डिफेंस डील भी कहा जा कहा है। इसकी अमुमानित लागत करीब 3.25 करोड़ मानी जा रही है। इसके तहत 18 विमान सीधे फ्रांस से लाई वे कंडीनशन में आयेंगे और बाकी के 96 विमान मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही बनेंगे। कहा जा रहा है कि 114 लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए भारतीय वायुसेना के सामने कई विकल्प मौजूद थे। इस लिस्ट में अमेरिका से थ–16 या थ–18 लेना, स्वीडन से ग्रिपेन लेना, यूरोफाइटर टाइफून और रूस का ँन–35 जैसे फाइटर जेट्स भी शामिल थे। राफेल पर सहमति बनने से पहले अलग–अलग देशों के मल्टीरोल फाइटर जेट्स पर विचार किया गया। लेकिन आखिरकार राफेल सबसे आगे निकलकर आया। इसके पीछे कई रणनीतिक तो कई ऑपरेशनल कारण भी हैं। राफेल का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है उसका कॉम्बैट एक्सपीरियंस। माने ये एक मंझा हुआ खिलाड़ी है। नाटो के मिशंस में इस विमान ने खुद को साबित किया है। इसने ÿÿ के खिलाफ, अफगानिस्तान में मिशन के दौरान और अफ्रीका के ऑपरेशनों में भरोसेमंद प्रदर्शन किया है। यही वजह है कि इस विमान को चुना गया। क्योंकि फीचर्स होना एक अलग बात है, लेकिन बैटल टेस्टेड होना सबसे बड़ा फैक्टर है। राफेल को 4.5 जेनरेशन का ओम्नी–रोल फाइटर कहा जाता है। ओम्नी–रोल माने ये एक ही उड़ान में यह विमान कई भूमिकाएं निभा सकता है। जैसे एयर डिफेंस करना, ग्राउंड अटैक या एयर स्ट्राइक करना, जमीनी सैनिकों को एयर सपोर्ट देना, निगरानी करना और समुद्र में ऑपरेट करना। यही वजह है कि डील के 114 विमानों के अलावा भारत ने राफेल के 26 मरीन वर्जन विमानों की भी डील की है। इसके बेड़े में शामिल होने से मिशन बदलने के साथ बार–बार प्लेटफॉर्म यानी विमान बदलने की जरूरत नहीं होगी। यही लचीलापन इसे शक्तिशाली बनाता है। एक और कारण है जिससे भारत ने राफेल को चुना। ये है ऑपरेशन सिंदूर का अनुभव. इस दौरान राफेल ने आतंकी कैंप्स पर सटीक हमले किए थे। इस अनुभव ने एयरफोर्स के भीतर इसके प्रति भरोसा और मजबूत किया। जब कोई विमान रियल लड़ाई में अपनी उपयोगिता साबित कर देता है, तो भविष्य की खरीद में उसे प्राथमिकता मिलना स्वाभाविक है। साथ ही भारत की लीट में पहले से 36 राफेल मौजूद हैं। यानी हमारे पायलट्स इसके लिए प्रशिक्षित हैं। ग्राउंड क्रू को भी इसका अनुभव है। स्पेयर पार्ट्स और मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा लॉजिस्टिक्स चेन पहले से है। इसीलिए कोई नए विमान लाने की बजाए, पहले से मौजूद राफेल के बेड़े को बढ़ाना आसान भी है, और किफायती भी.इस विमान को भारत के अलावा फ्रांस, मिस्र, कतर, ग्रीस, क्रोएशिया, इंडोनेशिया और संयुक्त अरब अमीरात भी इस्तेमाल कर रहे हैं. लिहाजा इसने कई देशों में



अपना भरोसा कायम किया है। इंडियन एयरफोर्स की जरूरतों को देखते हुए 42 स्क्वाड्रन की संख्या स्वी.त है। एक स्क्वाड्रन में 16–18 विमान होते हैं। विमानों के टाइप के हिसाब से ये संख्या 20 तक जा सकती है। सितंबर 2025 में जैसे ही मिग–21 रिटायर हुए, इंडियन एयरफोर्स में अब मात्र 29 स्क्वाड्रन रह गए हैं। ये एयरफोर्स के लिए आजतक की सबसे कम संख्या होगी जिसे पूरा करने के लिए इंडियन एयरफोर्स तेजस का ऑर्डर दे रही है। वहीं दूसरी तरफ पड़ोसी पाकिस्तान को देखें तो स्क्वाड्रन के मामले में वो अब भारत से बहुत ज्यादा पीछे नहीं है। पाकिस्तान एयरफोर्स फिलहाल 25 स्क्वाड्रन के साथ ऑपरेट कर रही है। वहीं ड्रैगन यानी चीन की एयरफोर्स में स्क्वाड्रन की संख्या भारत से चार गुना अधिक है। फिलहाल भ|ऋ के पास 180 स्ब। तेजस के ऑर्डर हैं। इनमें मार्क 1 और मार्क 1। वेरिएंट्स के ऑर्डर शामिल हैं। लेकिन इनकी डिलीवरी में हुई देरी से एयरफोर्स चिंतित है। अभी मात्र 40 तेजस एयरफोर्स में ऑपरेट कर रहे हैं। अगर ये विमान समय पर मिलते तो आज मिग–21 के रिटायर होने के बावजूद एयरफोर्स के पास संख्या के मामले में पर्याप्त जेट होते। अगर खासियत की बात करें तो राफेल की सबसे बड़ी ताकत मेटियोर जैसे मिसाइल है। यह हवा से हवा में 150 से 200 किलोमीटर तक मार कर सकती है। वहीं स्कैल्प मिसाइल भी युद्ध में अपना लोहा मनवा चुकी है। ये करीब 1300 किलोग्राम पे लोड के साथ 350 किलोमिटर तक मार कर सकती है। साथ ही मध्यम दूरी तक मार करने वाली हैमर हवा से जमीन में मार करने वाली मिसाइल है। यह बंकर समेत सैन्य ठिकाने आसानी से नष्ट कर सकता है। यह कम ऊंचाई और पहाड़ी इलाकों में काफी असरदार है। राफेल की रतार करीब दो हजार किलोमीटर प्रतिघंटा है। इसकी रेंज करीब 3700 किलोमीटर है। यही वजह है कि सीरिया और मिडिल ईस्ट में ÿÿ के खिलाफ राफेल ने शानदार प्रदर्शन किया था। किसी भी रक्षा डील में कीमत एक बड़ा फैक्टर होता है। अगर कीमत के मामले में देखें, तो राफेल अपने बाकी प्रतिद्वंदियों से बेहतर है। तुर्किये ने 20 यूरोफाइटर विमान लगभग 7 अरब यूरो में खरीदे, जबकि जर्मनी ने 20 विमान 3.75 अरब यूरो में लिए। इटली ने भी 20 यूरोफाइटर विमान 7.5 अरब यूरो में खरीदे थे। सूत्रों के अनुसार औसतन एक यूरोफाइटर की कीमत 120 से 150 मिलियन यूरो होती है और हथियार व अन्य उपकरण जोड़ने पर यह लागत बढ़कर लगभग 250 मिलियन यूरो प्रति विमान यानी लगभग 2700 करोड़ रुपये तक पहुंच जाती है। और भारत के पास राफेल का अनुभव पहले से है। इसलिए यूरोपियन जेट की जगह राफेल को तरजीह दी गई। भारत की राफेल सौदे की शुरुआती लागत 18 अरब डॉलर आंकी गई थी, लेकिन अब यह बढ़कर 35.84 अरब डॉलर यानी लगभग 3.20 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है। भारत और फ्रांस को उम्मीद है कि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की प्रस्तावित बैठक के दौरान इस सौदे को अंतिम रूप दिये जाने की संभावना है। 114 लडाकू विमानों के इस सौदे में राफेल लड़ाकू विमान के चयन करने की सबसे बड़ी वजह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसका शानदार प्रदर्शन रहा। इस दौरान राफेल ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दूसरी बड़ा कारण यह रहा कि वायु सेवा पहले से ही 36 राफेल लड़ाकू विमान उड़ा रही है जबकि नौसेना ने भी 26 राफेल के समुद्री संस्करण का आर्डर दिया हैं।

# क्या नाटो और अमेरिका के बीच की तनातनी होगी ख़त्म?


शबाब हुसैन

नाटो चीफ मार्क रुट्टे ने जोर देकर कहा कि यूरोप अमेरिकी सैन्य समर्थन के बिना अपनी रक्षा करने में असमर्थ है और ऐसा करने के लिए उसे अपने मौजूदा सैन्य खर्च के लक्ष्यों को दोगुने से भी अधिक बढ़ाना होगा। ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के सांसदों से बात करते हुए रुट्टे ने कहा, अगर यहां कोई सोचता है... कि यूरोपीय संघ या पूरा यूरोप अमेरिका के बिना अपनी रक्षा कर सकता है, तो सपने देखते रहिए। आप ऐसा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका को एक–दूसरे की जरूरत है। विदित हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल के हतों में ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने की नई धमकियों के कारण नाटो के भीतर तनाव बढ़ रहा है। ग्रीनलैंड नाटो सहयोगी डेनमार्क का एक अर्ध–स्वायत्त क्षेत्र है। ट्रंप ने यह भी कहा था कि वह ग्रीनलैंड के यूरोपीय समर्थकों पर नए टैरिफ लगा रहे हैं, लेकिन बाद में रुट्टे की मदद से खनिज–समृद्ध द्वीप पर एक समझौते के लिए ढांचा तैयार होने के बाद उन्होंने अपनी धमकियां वापस ले लीं। समझौते के बारे में बहुत कम जानकारी सामने आई है। 32 देशों का यह सैन्य संगठन नाटो की संस्थापक वाशिंगटन संधि के अनुच्छेद 5 के तहत आपसी रक्षा खंड से बंधा हुआ है, जो प्रत्येक देश को अपने सहयोगी देश के क्षेत्र पर खतरे की स्थिति में उसकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध करता है। नाटो महासचिव मार्क रुट्टे ने कहा कि यूरोपीय सहयोगी देशों द्वारा सैन्य खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि के चलते नाटो गठबंधन का नेतृत्व यूरोप की ओर अधिक होगा और इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका की मजबूत उपस्थिति बनी रहेगी। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में रुट्टे ने कहा, आने वाले वर्षों में हम एक ऐसे नाटो को देखेंगे, जिसका नेतृत्व यूरोप की ओर अधिक होगा, लेकिन साथ ही साथ इसमें अमेरिका की मजबूत पकड़ भी होगी। हम अपनी रक्षा योजना प्रक्रिया के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर यह कदम धीरे–धीरे उठाएंगे। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी दबाव के बीच आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में



यूरोपीय नेताओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने का प्रयास किया और अपनी रक्षा तैयारियों को सु.ढ़ करने पर जोर दिया। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा करने के लिए पॉलिटिकल और बिजनेस लीडर्स, सैन्य अधिकारी और खुफिया एजेंट एकत्रित हुए। इस वर्ष का सम्मेलन यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच तनावपूर्ण संबंधों के समय हो रहा है, क्योंकि ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दी थी और यूरोपीय देशों के आव्रजन संबंधी रिकॉर्ड की आलोचना की थी। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध, जो इस महीने अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करने वाला है, सम्मेलन के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल रहेगा। इसके साथ ही, यूरोपीय नाटो सदस्यों द्वारा अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयासों पर भी चर्चा होगी। सभा से पहले यूरोपीय नेताओं ने अपनी सुरक्षा प्रतिबद्धताओं का बचाव किया और नाटो को मजबूत करने का संकल्प लिया। यह सब तब हुआ जब ट्रंप ने नाटो पर सवाल उठाए और सहयोगी देशों पर रक्षा पर पर्याप्त खर्च न करने का आरोप लगाया है। सम्मेलन के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में नाटो के महासचिव मार्क रुट्टे ने कहा कि यूरोप नाटो में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है और अपनी रक्षा का अधिक ध्यान रख रहा है। उन्होंने आगे कहा, ष्एक मजबूत नाटो में एक मजबूत यूरोप का मतलब है कि अंतर–अटलांटिक संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत होंगे।

# एचबीए1सी टैस्ट पर नया अध्ययन: डायबिटीज की चुनौतियां

विनीत नारायण

डायबिटीज, जिसे आधुनिक युग की महामारी कहा जा रहा है, भारत में करोड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत दुनिया का डायबिटीज कैपिटल है, जहां 10 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। डायबिटीज के निदान और नियंत्रण के लिए एचबीए1सी (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) टैस्ट को 'सोने का मानक' माना जाता रहा है। यह टैस्ट पिछले 2–3 महीनों के औसत ब्लड शूगर लैवल को मापता है, जो आसान, गैर–आक्रामक और विश्वसनीय लगता है। लेकिन फरवरी, 2026 में 'द लैंसेट रीजनल हैल्थ – साऊथ–ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दे दी है। यह अध्ययन, जो विशेष रूप से भारतीय और दक्षिण एशियाई आबादी पर केंद्रित है, चेतावनी देता है कि एनीमिया, हीमोग्लोबिन विकृतियों और अन्य कारकों के कारण एचबीए1सी टैस्ट गलत निदान कर सकता है, जिससे डायबिटीज का पता 4 साल तक देरी से चल सकता है। यह अध्ययन, प्रोफैसर अनूप मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लिखित, एचबीए1सी की सीमाओं पर गहन समीक्षा करता है। भारत में एनीमिया एक महामारी है– राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एन.एफ.एच.एस.–5) के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक वयस्क महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से प्रभावित हैं। एनीमिया आयरन की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या घटाता है, जिससे एचबीए1सी का स्तर कृत्रिम रूप से ऊंचा हो जाता है। परिणामस्वरूप, जो व्यक्ति डायबिटीज से ग्रस्त नहीं है, उसे गलत तरीके से डायबिटीज का मरीज घोषित कर दिया जा सकता है। इसके विपरीत, हीमोग्लोबिनोपैथी (जैसे थैलेसीमिया, जो भारत में 4 प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है) या जी6पीडी की कमी एचबीए1सी को कम दिखा सकती है, जिससे वास्तविक डायबिटीज वाले मरीजों का निदान देरी से होता है। अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशियाई लोगों में एचबीए1सी और वास्तविक ब्लड ग्लूकोज के बीच सहसंबंध कमजोर है। उदाहरण के लिए, एनीमिया वाले क्षेत्रों में एचबीए1सी पर निर्भरता से डायबिटीज का निदान 20–30 प्रतिशत मामलों में गलत हो सकता है। यह न केवल निदान को प्रभावित करता है, बल्कि उपचार को भी, अनावश्यक दवाएं या देरी से उपचार से जटिलताएं जैसे हृदय रोग, किडनी फेलियर बढ़ सकती हैं। अध्ययन की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां एनीमिया और आनुवंशिक विकार आम हैं, एचबीए1सी को अकेले इस्तेमाल करना जोखिमपूर्ण है। यह पश्चिमी आबादी पर आधारित मानकों को सीधे लागू करने की भूल को उजागर करता है। भारत में डायबिटीज का बोझ पहले से ही भारी है। आई.सी.एम.आर. के अनुसार, 2030 तक यह 13.5 करोड़ तक पहुंच सकता है। लेकिन यह अध्ययन बताता है कि लाखों लोग अनदेखे डायबिटीज से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि एचबीए1सी पर अंधविश्वास ने अन्य टैस्ट जैसे ओरल ग्लूकोज टॉलरैंस टैस्ट (ओ.जी.टी.टी.) या फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज (एफ.पी.जी.) को पीछे धकेल दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत और महिलाओं के लिए यह खतरा अधिक है, जहां एनीमिया दर 60 प्रतिशत से ऊपर है। देरी से निदान से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ भी बढ़ता है। चिंता का मतलब घबराहट नहीं होना चाहिए। यह अध्ययन एक जागृति का संकेत है। भारतीयों की आनुवंशिक संरचना – जैसे 'थ्रिफ्टी जीन' हाइपोथेसिस, जो दक्षिण एशियाई लोगों में इंसुलिन रेजिस्टैंस को बढ़ावा देती है – पहले से ही डायबिटीज को जन्मभूमि बनाती है। लेकिन एचबीए1सी की सीमाएं जानकर हम बेहतर रणनीति बना सकते हैं। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो 'साइलैंट किलर' जानी जाने वाली डायबिटीज और घातक हो जाएगी। गौरतलब है कि फार्मा उद्योग, जो डायबिटीज मार्कीट से सालाना अरबों–खरबों कमाता है, इस अध्ययन से हलचल में आ सकता है। भारत में एचबीए1सी टैस्ट किट्स का बाजार 500 करोड़ रुपए से अधिक का है। इस अध्ययन से बड़ी कम्पनियों की बिक्री प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डॉक्टर अब कॉम्बिनेशन टैस्ट की सिफारिश करेंगे। संभावना है कि फार्मा कंपनियां वैकल्पिक डायग्नोस्टिक टूल्स पर निवेश बढ़ाएंगी। दवाओं के मामले में भी सदियों से चली आ रही दवाओं पर सीधा असर कम होगा, क्योंकि निदान गलत होने से उपचार की शुरुआत प्रभावित होगी, लेकिन एक बार निदान हो जाए तो दवाओं को उसी मुताबिक दिया जाएगा। हालांकि, फार्मा इंडस्ट्री की लॉबी इस अध्ययन को चुनौती दे सकती है, यह दावा करते हुए कि एचबीए1सी अभी भी उपयोगी है। वहीं वैश्विक स्तर पर, कुछ कंपनियां, जो अलग तरह के जांच उपकरण व दवाएं बेचती हैं, इस नए अध्ययन को मार्कीटिंग के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। कुल मिलाकर, यह उद्योग के लिए एक अवसर भी साबित हो सकता है, जो बाजार को नया आयाम देगा। लेकिन अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक हुई, तो नियामक दबाव बढ़ सकता है। भारतीय डॉक्टर इस अध्ययन से सहमत हैं, लेकिन घबराहट की बजाय सतर्कता की वकालत करते हैं। प्रोफैसर अनूप मिश्रा, अध्ययन के मुख्य लेखक और फोंटस सीकेडी हॉस्पिटल के चेयरमैन, कहते हैं, ''एचबीए1सी पर पूर्ण निर्भरता से डायबिटीज की स्थिति का गलत वर्गीकरण हो सकता है। कुछ लोग अनुचित रूप से देरी से निदान हो सकते हैं।'' एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने कहा कि एनीमिया वाले मरीजों में ओ.जी.टी.टी. को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के बाद, डॉक्टरों का मत है कि एचबीए1सी उपयोगी है, लेकिन अकेला नहीं। वे मानते हैं कि मिलीजुली प्रक्रिया के तहत डायबिटीज जैसी बीमारी का निदान किया जा सकता है। यह अध्ययन हमें निष्क्रियता से हटाकर सक्रियता की ओर ले जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर आप एचबीए1सी टैस्ट करवा रहे हैं, तो सी.बी.सी. (कम्प्लीट ब्लड काऊंट) से एनीमिया भी जरूर चौक करवाएं। अगर एनीमिया है, तो ओ.जी.टी.टी. या एफ.पी.जी. पर स्विच करें। इसके साथ ही 30 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्तियों को हर साल कम से कम दो टैस्ट – एफ.पी.जी. और एचबीए1सी करवाने चाहिएं। डायबिटीज का 80 प्रतिशत जोखिम रोकथाम योग्य है। दैनिक 30 मिनट व्यायाम, फाइबर–युक्त आहार (दालें, सब्जियां) और वजन नियंत्रण अपनाएं। अध्ययन दिखाता है कि भारतीयों में वजन बढने से इंसुलिन रेजिस्टैंस तेजी से बढ़ता है। एनीमिया रोकने के लिए आहार में पालक, गुड़ और पौष्टिक आहार शामिल करें, लेकिन अपने डॉक्टर की सलाह से। अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को सामुदायिक स्तर पर कैंप लगाने चाहिएं, जिससे कि जागरूकता बढ़े। सस्ते व आसानी से उपलब्ध ग्लूकोमीटर या ऐप्स से घर पर मॉनिटरिंग करें। ये कदम न केवल डायबिटीज को नियंत्रित करेंगे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य भी सुधारेंगे। यह लैंसेट अध्ययन एचबीए1सी को खारिज नहीं करता, बल्कि इसकी सीमाओं को उजागर करता है। भारतीयों के लिए यह एक जागृति का क्षण है, चिंता करें, लेकिन उचित कार्रवाई भी करें। डायबिटीज से लड़ाई में सटीक निदान पहला कदम है। अगर हम इसे अपनाएं, तो भारत न केवल डायबिटीज कैपिटल से उबर सकता है, बल्कि हैल्थकेयर का वैश्विक मॉडल भी बन सकता है। समय है सोच बदलने का– स्वास्थ्य के लिए, भविष्य के लिए।

# जिले में बनेगा अत्याधुनिक साइबर थाना, 3.53 करोड़ से होगा निर्माण

## – साइबर अपराध रोकने को बड़ा कदम, फरवरी 2027 तक तैयार होगा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। साइबर थाना साइबर अपराधों पर अंकुश के लिए इटावा में बनेगा साइबर थाना, 3.53 करोड़ की लागत से होगा निर्माण आपको बताते चलें जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से प्रस्तावित साइबर थाने की भूमि का विधि–विधान से पूजन वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक द्वारा किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की गई। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। साइबर थाना स्थापित होने से आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण संभव होगा। यहां प्रशिक्षित पुलिसकर्मी एवं तकनीकी विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे, जो ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अपराध एवं बैंकिंग फ्रॉड जैसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई करेंगे। साइबर थाने का निर्माण कार्यदायी संस्था यू0पी0 राजकीय निर्माण निगम (सेरडिक्ट–2), इटावा द्वारा कराया जाएगा। इस पर कुल 3 करोड़ 53 लाख 37 हजार रुपये की लागत आएगी तथा निर्माण कार्य फरवरी 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है। साइबर थाने की स्थापना से जनपद की कानून व्यवस्था और सु.ढ़ होगी तथा नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में भी सहायता मिलेगी।

# काली माता मंदिर पर जागो हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/मैनपुरी, एलाऊ। ब्लॉक जागीर क्षेत्र के एलाऊ से भोगांव मार्ग स्थित गांव रतनपुर मे काली माता मंदिर परिसर मे सोमवार दोपहर सकल हिन्दू समाज द्वारा जागो हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे पहुंचे मुख्य अतिथि नरायण गिरी महाराज ने सर्वप्रथम मंदिर मे माता काली के दर्शन किया। जिसके बाद नारायण गिरी महाराज ने भारत माता के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आयोजक समिति ने मुख्य अतिथि व कार्यक्रम मे मौजूद अतिथियों कों माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। जिसके बाद छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। नारायण गिरी महाराज ने सम्बोधित करते हुए कहा विदेशों में बैठे हिंदू विरोधी आक्रांता सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदुओं को जातियों में बाटकर नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। बच्चों पर हमेशा नजर रखें, उन्हें सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचाएं और सही संस्कार व सही दिशा दें। आज हिन्दुओं कों संघठित होने की जरूरत है। हम लोगों कों खुद की जातियाँ ना बताकर खुद कों हिन्दू बताना चाहिए। असली क्षत्रिय वही है जिसने धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया। हिंदुओं की संख्या कम होती चली जा रही है। इसलिए हर हिन्दू कों कम से कम चार बच्चे करने चाहिए। हम सभी कों भारत में बने उत्पाद ही खरीदने चाहिए। साथ ही फिंगर, मोमोज कों छोड़कर माँ के हाथ का खाना चाहिए। तभी हम शरीर से मजबूत होंगे और देश कों मजबूत कर पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन चंचल दुबे ने किया। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मोके पर राहुल मिश्रा, रामसेवक राजपूत, विशंभर तिवारी, ओमप्रताप दीक्षित, धर्मेंद्र राजपूत, अशोक चौहान, प्रमोद कुमार, सुभाष राजपूत, देशराज राजपूत आदि सेकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन चंचल दुबे ने किया।



# मिड-डे-मील में बड़ा घोटाला, भर रहें अपनी जेब

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय साउँखेड़ा में शिक्षमित्र मनोज कुमार ने थाना तम्बौर में एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार पर गम्भीर आरोप लगाया है। बताते चलें कि प्राथमिक विद्यालय साउँखेड़ा विकास खण्ड रेउसा में तैनात शिक्षामित्र मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार द्वारा शासन द्वारा सुचारू रूप से संचालित मिड डे मील योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है उपस्थित बच्चों के सापेक्ष मिड डे मील योजना में अधिक बच्चों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है और बचे हुए खाद्यान गेहूं आदि बेंच कर भ्रस्टाचार किया जा रहा है तथा समय से विद्यालय न पहुंच कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है उक्त के सम्बंध में शिक्षमित्र और प्रधानाध्यापक के बीच नोकझोंक का ऑडियो भी वायरल हो रहा है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# विशेष अभियान में कुल 28 शिकायतों का किया गया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। सोमवार को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 28 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतकर्ता को बार–बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।



# बिजली लाइन को लेकर ग्रामीणों का विरोध, धरने की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। तहसील लहरपुर क्षेत्र के ग्राम सुल्तानापुर शाहपुर में एक निजी कंपनी द्वारा मोबाइल टॉवर स्थापना के लिए डाली जा रही 11 हजार केवी विद्युत लाइन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी द्वारा खेतों, बागों तथा आवासीय क्षेत्रों के पास से बिजली लाइन निकाली जा रही है, जिससे लोगों के जान–माल का खतरा बढ़ गया है। साथ ही लगाए गए विद्युत पोलों से ग्रामीण मार्गों पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। बताया जा रहा है कि 14 फरवरी 2025 को क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से, ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के विरोध के बावजूद खंभे लगवा दिए गए। इस मामले में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के जिला अध्यक्ष विश्वादीप चौधरी ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को ज्ञापन सौंपकर पोल हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर खंभे नहीं हटाए गए तो ग्रामीणों के साथ पार्टी कार्यकर्ता तहसील परिसर में धरना–प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है।



# उसिया गाँव में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। समाजसेवी इमरान खान की ओर से मंगलवार को रमजान मुबारक माह से पहले निः शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में में सभी समाज के लोग अधिक से अधिक मेडिकल कैम्प का लाभ उठायें। सुगर, बीपी और ईसीजी आदि की जाँच होगी। प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आवास पर होगा।

# चोरों का तांडव, एक ही रात में चार दुकानों के ताले चटकाए

## - सीसीटीवी की तारें काटीं, डीवीआर ले उड़े चोर, पुलिस के सामने बड़ी चुनौती

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात बेखौफ चोरों ने पुलिसिया गश्त को चुनौती देते हुए भारी तांडव मचाया। चोरों ने थानगांव चौराहे के पास स्थित चार दुकानों को अपना निशाना बनाया, जिससे पूरे क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। चोरों ने न केवल चोरी की, बल्कि साक्ष्यों को मिटाने के लिए शातिराना तरीके से सीसीटीवी सिस्टम को भी तहस–नहस कर दिया। जानकारी के मुताबिक चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने सबसे पहले दो शराब की दुकानों और एक सीएससी सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की वायरिंग काट दी। पहचान छिपाने के लिए चोर अपने साथ डीवीआर मशीन भी ले गए। इसके बाद चोरों ने दुकानों के ताले और शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी शराब की पेटियां, महंगी बोतलें और नकदी बटोर ले गए। एक किराने के खोखे से भी सामान और नकदी चोरी होने की खबर है। व्यापारियों में आक्रोश घटना का पता सोमवार सुबह चला जब स्थानीय लोगों ने दुकानों के टूटे हुए ताले देखे। पीड़ित दुकानदार महराजदीन यादव, कपिल, पंकज और सतेंद्र ने मौके पर पहुंचकर जब सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गए। व्यापारियों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस की कार्रवाई और जांच सूचना मिलते ही थानगांव थानाध्यक्ष विमल गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चोरों का सुराग लगाने के लिए फोरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है। आसपास के अन्य इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि अपराधियों के भागने के रास्ते का पता चल सके। क्षेत्र के व्यापारियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरी की इन वारदातों का जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की है।



# बाइक सवार दंपत्ति को ऑटो ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवां, सीतापुर। जनपद में बेकाबू रतार और खराब सड़कों के कारण होने वाले हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार तड़के बिसवा–लहरपुर मार्ग पर हुए एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों वाले घर में मातम पसरा दिया। एक अनियंत्रित ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार पति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पत्नी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाराबंकी जनपद के निवासी 45 वर्षीय गंगाराम अपनी पत्नी रामकली के साथ सीतापुर के लहरपुर क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। रविवार सुबह तड़के जब यह दंपत्ति बाइक से वापस अपने घर बाराबंकी लौट रहा था, तभी रास्ते में काल ने उन्हें घेर लिया। जोरदार टक्कर और चीख–पुकार बिसवा–लहरपुर मार्ग पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे एक ऑटो से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और गंगाराम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की आवाज सुनकर दौड़े स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और लहूलुहान हालत में रामकली को अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है और उन्हें गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। पुलिस की कार्रवाई और ततीश घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे के सही कारणों का पता लगा रही है, हालांकि शुरुआती जांच में तेज रतार को ही मुख्य वजह माना जा रहा है। हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। परिवार का सहारा छिना गंगाराम अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। पीछे रोता–बिलखता एक बेटा और गंभीर घायल पत्नी को छोड़ गंगाराम की असमय विदाई ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है।



# विदेशी समझौतों से बर्बाद होगा देश का किसान : राकेश टिकैत

## - खाली कुर्सियों पर जताई नाराजगी

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता और कद्दावर किसान नेता राकेश टिकैत सोमवार को पहुंचे। जहाँ उन्होंने किसान हुंकार महापंचायत के जरिए केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया। टिकैत ने भारत–अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय .षि व्यापार समझौते को आड़े हाथों लेते हुए इसे भारतीय किसानों के भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा बताया। विदेशी आयात और गिरती ड्यूटी पर उठाए सवाल मीडिया से मुखातिब होते हुए टिकैत ने चेताया कि यदि विदेशों से आने वाले .षि उत्पादों पर पर्याप्त इंपोर्ट ड्यूटी (आयात शुल्क) नहीं लगाई गई, तो स्थानीय बाजार पूरी तरह ध्वस्त हो जाएंगे। श्री टिकैत ने कहा कि पहले खाद्यान्न पर करीब 300 प्रतिशत तक ड्यूटी का प्रावधान था, जो किसानों के लिए सुरक्षा कवच था। अब इसे कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन समझौतों से न केवल किसान अपनी जमीन बेचने को मजबूर होगा, बल्कि छोटे दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों का रोजगार भी छिन जाएगा। उन्होंने अंदेशा जताया कि भविष्य में बड़े उद्योगपति खेती और व्यापार दोनों पर कब्जा जमा लेंगे। महापंचायत के दौरान एक ओर जहाँ टिकैत ने सरकार को घेरा, वहीं दूसरी ओर सभा में कम भीड़ और खाली कुर्सियां देखकर वे आयोजकों पर बिफर पड़े। कार्यक्रम की अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने मंच से ही अपनी टीम को नसीहत दी। संगठन को मजबूत करना है तो जमीन पर उतरकर काम करना होगा। किसानों को जोड़ने के लिए सक्रियता जरूरी है। मीडिया द्वारा एक्सट्रीम फाइल से जुड़े मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में टिकैत ने स्पष्ट कहा कि किसी भी मामले की जांच पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए ताकि सच जनता के सामने आ सके। महापंचायत में मौजूद किसानों ने टिकैत की बातों का समर्थन किया और .षि अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। हालांकि, कम जनभागीदारी ने संगठन की स्थानीय पकड़ पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

# डीएम ने जिला सुरक्षा समिति की ली बैठक, दिए दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिला सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्देश दिये गये कि समस्त अधिकारीगण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करेंगे एवं अनुपालन आख्या के साथ .त कार्यवाही का विस्तृत विवरण क्रमिक माह एवं विगत वर्ष में उसी माह के तुलनात्मक विवरण के साथ संलग्न किया जाये। हिट एण्ड रन केस के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने हेतु मीडिया में प्रचार–प्रसार करने हेतु पुलिस विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित करायी जाय एवं प्रभावित व्यक्तियों को परिवहन विभाग में आवेदन हेतु जानकारी दी जाये। परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में हिट एण्ड रन का कोई प्रकरण लम्बित नहीं है। यातायात निरीक्षक मनीष त्रिपाठी ने पीपीटी के माध्यम से जनपद मे घटित हुई दुर्घटना को माह वार एवं वर्ष वार प्रस्तुत किया, जिलाधिकारी द्वारा काफी सराहना की गयी एवं भविष्य में अन्य बिन्दुओ को भी पी.पी.टी. के माध्यम से प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये। जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी यातायात व सहायक सम्भागीय अधिकारी, (प्रवर्तन एवं प्रशासन) को निर्देश दिए गए कि संयुक्त रूप से विद्यालय आने वाले वाहनों की जांच करेंगे एवं दो पहिया वाहनों पर हेलमेट न लगाये जाने एवं दो से अधिक सवारी होने पर उनके फोटो ग्रास सम्बन्धित विद्यालयों को भेजें एवं विद्यालय प्रबन्धन इस प्रकार के उल्लंघन पर संबंधित विद्यार्थी के अभिभावक को नोटिस भेजकर कार्यवाही करें एवं प्रतिदिन अनुश्रवण किया जाये। बिना वैध लाईसेन्स के वाहन चलाने वाले छात्रोंध्चालकों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने एवं अर्थदण्ड लगाये जाने के निर्देश दिये गयें। इस हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल गोल्डेन ऑवर में चिकित्सा केन्द्र पर पहुचाने हेतु आम लोगो को जागरूक करने हेतु प्रचार–प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि राहवीर योजना के तहत घायल व्यक्ति अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति को 25000 का पुरस्कार भी दिया जायेगा। प्रचार–प्रसार के लिए सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों टोल प्लाजाओं ब्लैक स्पॉट वाले स्थल, थाना व अस्पताल पर होडिग्सं लगाये जाने एवं सोशल मीडिया पर भी प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे एवं समस्त प्रकार की सड़कों पर सड़क सुरक्षा के .ष्टिगत सड़कों के किनारों पर थर्मोप्लास्टिक लाइनिंग, रेट्रो रिलेक्टिंग साइन व अन्य समस्त सड़क दुर्घटना बचाव प्रबन्ध किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि अपने विभाग से सम्बंधित सड़कों का तत्काल निरीक्षण कर लें और जहाँ–जहाँ सड़कों पर गड्ढे खोदे गये हैं उनकी समुचित रूप से बैरिकेटिंग करा कर रिलेक्टरध्साइन बोर्ड लगवायें तथा बैरिकेटिंग स्थल पर शीघ्रता से कार्य को पूर्ण कराते हुए गड्ढों को यथाशीघ्र बन्द करायें। सड़कों पर बिखरी हुयी गिट्टियां व जगह जगह पर बने गड्ढे जिनमें जल जमाव हो रहा है, की मरम्मत कराकर सड़कों को आवागमन हेतु सुगम बनाना सुनिश्चित करें जिससे आमजन को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि निर्देश के बावजूद भी भविष्य में यदि कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आता है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा जिनके विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि हाईवे पर चिन्हित स्थानोंपर ही पार्किंग की जायें अन्यत्र स्थलों पर पार्किंग किये जाने पर कार्यवाही की जाये। हाईवे पर ई रिक्शा का संचालन पूर्णत प्रतिबन्धित किया जाय, एवं किसी भी स्थिति में ई रिक्शा का संचालन न होने दिया जाय। हाईवे पर रांग साइड चलने वाले, दो पहिया वाहनो पर बिना हेलमेट चलने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करने एवं शराब पीकर नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालको पर ब्रेथ एनालाइजर द्वारा जांच कर कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिये गये कि हाइवे पर पड़ने वाले सभी थानाध्यक्ष शाम के समय पेट्रोलिंग करेगें एवं आवश्यक होने पर एन.एच.ए.आई. के अधिकारियो के साथ संयुक्त रूप से दंण्डात्मक कार्यवाही करेगें। वाराणसी–गाजीपुर राष्ट्रीय मार्ग संख्या–31 पर मार्ग पर स्थानीय लोगों द्वारा बार–बार मीडियन को तोडकर अवैध कट बना दिये जाते है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ऐसे स्थलों के नजदीक के भवनों पर सी.सी. टी.वी. कैमरे द्वारा पुनः अवैध कट बनाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नामजद एफ.आई.आर. दर्ज करायी जाय। जनपद के विभिन्न स्थानों से संचालित होने वाले टेम्पो के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि सभी जगह पंजी.त सोसाइटी द्वारा ही इनका संचालन कराया जाय एवं निर्धारित क्षमता से अधिक सवारिया ले जाने पर कठोर कार्यवाही की जाये। बैठक में एन.एच.ए.आई., गाजीपुर के परियोजना निदेशक के उपस्थित न रहने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया एवं एन.एच.ए.आई. अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि निर्माणाधीन रेल सह रोड सेतु के पहुँच मार्ग पर उचित यातायात डायवर्जन के पश्चात ही कार्य कराया जाय, इस स्थल पर सामान्यत जाम की स्थिति के कारण मरीजो, स्कूली वाहनो एवं अन्य आवश्यक सेवा को अत्यंत असुविधा हो रहीं है, इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी गयी यदि कोई दुर्घटना घटीत होती है तो एन.एच.ए. आई के अधिकारियो पर एफ.आई. आर. करायी जायेगी। बैठक का संचालन लो0नि0वि0 के सहायक अभियन्ता, अनुराग यादव द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश मिश्रा, लो0नि0वि0 के अधिशासी अभियन्ता, बी.एल. गौतम, संतोष कुमार, किरन पाल, सहित परिवहन, एन.एच.ए.आई., स्वास्थ विभाग के अधिकारियो व बसध्ट्रक यूनियन के पधाधिकारी उपस्थित रहें।



# जिला अस्पताल पहुंचे मंडलायुक्त, देखी व्यवस्थाएं

## – अस्पताल आने वाले गरीब मरीज को दें बेहतर इलाज व सम्मान : नागेन्द्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नागेन्द्र प्रताप द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होने अस्पताल की विभिन्न ईकाईयों, वार्डो और स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकियों से जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उददेश्य आम जनता को मिल रहीं चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता को परखना और व्यवस्थाओं में सुधार लाना था। आयुक्त ने ओपीडी का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने वहां भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिल रहें इलाज और दवाओं की उपलब्धता के बारें में जानकारी ली, उन्होने स्टॉक रजिस्टर की जांच की और मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया कि मरीजों को बाहर से दवा न लिखनी पडे यह सुनिश्चित किया जाए, निरीक्षण के दौरान डाक्टरों की डयूटी रोस्टरों की भी जांच की गयी। उन्होने अंत में कहा कि स्वास्थ्य सेवाऐं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिला अस्पताल में आने वाले हर गरीब मरीज को बेहतर इलाज और सम्मान मिलना चाहिए, बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए प्रशासन हरसम्भव सहायता प्रदान करेगा। इस दौरान अपर आयुक्त, जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य भी उपस्थित रहें।



# बाइक पेड़ से टकराई, युवक गंभीर रूप से घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

रेउसा, सीतापुर। जिले में तेज रतार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रेउसा थाना क्षेत्र का है, जहाँ राजापुर कला से बिसवां मार्ग पर एक अनियंत्रित बाइक पेड़ से जा टकराई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार एक युवक अपनी बाइक पर सवार होकर राजापुर कला से बिसवां की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक की गति काफी तेज थी। जैसे ही वह मार्ग पर आगे बढ़ा, अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक सड़क किनारे लगे एक विशाल पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक उछलकर दूर जा गिरा। राहगीरों की तत्परता और पुलिस की कार्रवाई हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए घटना की सूचना रेउसा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े युवक को रेस्क्यू किया। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि युवक के हाथ और पैरों में गंभीर फ्रैक्चर और चोटें आई हैं। हालांकि, प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल की स्थिति को फिलहाल स्थिर बताया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और युवक के परिजनों को सूचित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने एक बार फिर वाहन चालकों से गति सीमा का पालन करने की अपील की है।



# मानवता की मिसाल बने डॉ. अख्तर हुसैन

## – सड़क हादसे में घायल को पहुंचाया अस्पताल, इलाज जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। कस्बा लहरपुर क्षेत्र के हरगांव मार्ग पर स्थित वाहिद हॉस्पिटल के सामने उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अचानक सामने आए कुत्ते से टकराकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ तो जुटी, लेकिन कोई भी घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। इसी बीच दुर्घटना की सूचना वाहिद हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अख्तर हुसैन तक पहुंची। सूचना मिलते ही डॉ. अख्तर हुसैन ने बिना देर किए अपनी एम्बुलेंस मौके पर बुलाई और स्वयं घायल युवक को तत्काल सीएचसी लहरपुर पहुंचाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार शुरू कराया गया। डॉ. अख्तर हुसैन के इस त्वरित और मानवीय कदम की स्थानीय लोगों ने खुलकर सराहना की। लोगों का कहना है कि ऐसे समय में जब आम लोग मदद से पीछे हट जाते हैं, तब एक चिकित्सक द्वारा दिखाई गई यह संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायक है।



# चोरों ने प्रतिबंधित व छूटके कुल 25 पेडों पर किया हाथ साफ

## – पीड़ित ने थाने नामजद तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी मेवारामनगर क्षेत्र के एक गांव में चोरों के व्दारा प्रतिबंधित पेड़ों सहित 25 पेड़ों को काटकर गायब कर दिया गया। पीडित भुक्तभोगी ने हरगांव थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाने के अंतर्गत पुलिस चौकी मेवारामनगर की ग्राम पंचायत राजेपुर निवासी मनोज कुमार मिश्र पुत्र बृजकिशोर का गांव के उत्तर में स्थिति खेत में लगभग 25 पेड़ (यूकेलिप्टिस, नीम, शीशम, गूलर, कठूमर आदि) लगे हुए थे। जिन्हें 15 फरवरी रविवार को चोरों ने चोरी से सभी पेड़ काट ले गए। पीडित किसान मनोज कुमार मिश्र पुत्र बृजकिशोर निवासी राजेपुर ने हरगांव थाने में धीरू यादव पुत्र शत्रोहन व गंगाराम पासी पुत्र लक्ष्मन प्रसाद निवासी हिलालपुर जरथुवा के नाम नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरगांव बलवंत शाही ने बताया कि तहरीर मिली है जांचोपरान्त विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# बेकाबू कार ने छात्रा को मारी टक्कर, बोनट पर गिरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, सिधौली। सोमवार की सुबह सिधौली कोतवाली क्षेत्र में उस वक्त चीख–पुकार मच गई, जब स्कूल जा रही एक छात्रा तेज रतार का शिकार हो गई। अलादादपुर मोड़ के पास हुए इस हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार सिधौली थाना क्षेत्र के धौरहरा निवासी संतोष कुमार की 16 वर्षीय पुत्री मंजू यादव रोज की तरह अपनी साइकिल से स्कूल के लिए निकली थी। जैसे ही वह सिधौली–मिश्रिख मार्ग पर स्थित अलदादपुर मोड़ के पास पहुंची, पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण कि बोनट पर उछली छात्रा चश्मदीदों ने बताया कि कार की रतार बहुत तेज थी। टक्कर लगते ही मंजू हवा में उछली और सीधे कार के बोनट पर जा गिरी। मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए तुरंत कार को घेरा और चालक को दबोच लिया। अस्पताल में उपचार जारी हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा को उसी कार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# कालिंजर उत्सव में चला फाइलेरिया जागरूकता अभियान

**– 250 को खिलाई दवा, 9 मरीजों को बांटी एमएमडीपी किट**

**– सीएमओ बोले– दवा ही बीमारी से बचने का एकमात्र उपाय**

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जिले के एकमात्र ब्लाक नरैनी में भी फाइलेरिया संक्रमण कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग तरह–तरह के प्रयास कर रहा है। ब्लाक के 3.36 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिला रहे हैं। इसीक्रम में कालिंजर उत्सव में विभाग ने कैंप लगाकर 250 से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई। इसके अलावा 9 फाइलेरिया मरीजों को रुग्णता प्रबंधन एवं रोकथाम किट (एमएमडीपी) वितरित की गई। कालिंजर उत्सव में रोजाना 1200 से 1300 विजिटर आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने वहां स्टाल लगाकर आने वाले सभी लोगों को लीफलेट देकर व मौखिक रूप से फाइलेरिया के प्रति जागरूक कर रहे हैं। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह ने मेले में पहुंचकर लोगों को संबोधित किया। स्टाल में आ रहे लोगों को डीजीसी सदस्य तुर्रा के प्रधान ब्रज मोहन और सीएचओ–पीएसपी सदस्य फाइलेरिया रोगी रज्जू ने भी जागरूक किया। सीएमओ ने कहा कि प्रदेश फाइलेरिया उन्मूलन की ओर अग्रसर है। नरैनी ब्लाक को भी इस बीमारी से मुक्त कराना है। इसके लिए सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जा रहा है। ब्लाक के सभी पात्र तीन लाख 36 हजार लोगों को 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान फाइलेरियारोधी दवाएं खिलानी है। यही फाइलेरिया जैसी गंभीर व दीर्घकालिक बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है। जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार ने बताया कि फाइलेरिया, (हाथीपांव) मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक तथा दिव्यांगता उत्पन्न करने वाला रोग है। मेले में बायोलॉजिस्ट अतुल कुमार, नरैनी सीएचसी अधीक्षक डॉ विकास कुमार, सीडीपीओ प्रियाशी पटेल आदि मौजूद रहे।

# जन आक्रोश यात्रा का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। वनवासी राम चित्रकूट से रामराजा सरकार ओरछा धाम तक 16 फरवरी से 13 मार्च तक अखण्ड बुंदेलखंड संयोजक भानूसहाय एडवोकेट के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है, इसी क्रम में जन आक्रोश यात्रा के जनपद आगमन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा यात्रा में शामिल सभी का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मोर्चा संयोजक भानूसहाय एडवोकेट सहित समस्त पदाधिकारी न्यायालय परिसर पहुंच कर नवनियुक्त जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल सिंह एडवोकेट व महामंत्री राजेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट का माल्यार्पण कर पृथक राज्य बुंदेलखंड प्रान्त निर्माण के लिए समर्थन मांगा जिस पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल सिंह एडवोकेट द्वारा बार संघ पदाधिकारियों के साथ बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया, साथ ही प्रधानमंत्री के लिए अनुरोध पत्र भेजे जाने की बात कही गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि ष्कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय पूर्व मंत्री द्वारा बुंदेलखंड राज्य निर्माण हेतु अपना समर्थन दिया गया है, समूचे बुंदेलखंड के कांग्रेस जन पृथक राज्य बुंदेलखंड प्रान्त के लिए कन्धे से कंधा मिलाकर जबतक बुंदेलखंड राज्य निर्माण नहीं हो जाता कांग्रेस पार्टी मोर्चा की इस लड़ाई में अपना पूरा समर्थन व सहयोग करती रहेगी।ष जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस जिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जिला सचिव बाबूराम यादव, जिला कांग्रेस कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, अशोक सक्सेना, रघुराज शर्मा, वरुण अग्रवाल, हनीफ खान, पंकज रावत, नरेन्द्र कुशवाहा, अमित त्रिपाठी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



# अतर्रा चुंगी पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के प्रयासों से अतर्रा चुंगी पुलिस चौकी की स्थापना कराई गई। जिसका सोमवार को सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी मेविस टॉक द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस पुलिस चौकी में पुलिसकर्मी 24 घण्टे मौजूद रहेगे। इस पुलिस चौकी का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं व अन्य अपराधों के प्रति एक सुरक्षित, भरोसेमंद और सहज माहौल प्रदान करना है, जहाँ वे बिना किसी भय या संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। इस दौरान कोतवाली नगर प्रभारी बलराम सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।



# रेलवे पुल के पास भीषण सड़क हादसा, तीन युवक गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच, रुपईडीहा। नानपारा मार्ग स्थित रेलवे पुल के समीप सोमवार सुबह लगभग 11.30 बजे एक तेज रतार मोटरसाइकिल और आर्टिका कार के बीच आमने–सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान गुफरान उर्फ शाहबाज (25), निर्मल कुमार (18) और सुरेश (18) निवासी बलहा वितानिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शाहबाज को सबसे अधिक चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल रुपईडीहा से नानपारा की ओर जा रही थी। रेलवे पुल पर चालक ने कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

# डीएम से मिली घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं

**– संवेदनशीलता से डीएम ने सुनी बातें, समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन**

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं ने आज जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र से मिलकर अपनी समस्याओं से उनको अवगत कराया। जिलाधिकारी ने पीड़ित महिलाओं की सारी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए यथा संभव उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु आश्वस्त किया। कुछ महिलाओं ने बताया कि पारिवारिक कोर्ट का आदेश उनके पक्ष में पारित हुआ है फिर भी उनका अनुपालन संबंधित द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने समस्त ऐसी महिलाओं को जिनके पक्ष में कोर्ट का आदेश है, आदेश की प्रति उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही पुलिस तथा राजस्व विभाग को सभी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुछ के मामले 14 साल तक पुराने थे जो कोर्ट में अभी भी लंबित है जिलाधिकारी ने उन्हें शीघ्र सुनवाई कर निस्तारण कराने हेतु आश्वस्त किया। रिकवरी वाले आदेश में अभी तक रिकवरी ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अमीनो को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की बारी–बारी से समस्याएं सुनी तथा उनके निदान हेतु आश्वस्त किया। एक तेजाब पीड़िता ने चेहरे की सर्जरी कराने हेतु जिलाधिकारी से सहयोग मांगा जिलाधिकारी ने इस संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा जिससे सर्जरी की प्रक्रिया हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को भी घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं से मिलकर उनकी पूरी समस्या लिखित में लेने के साथ ही जो महिलाएं घरेलू हिंसा से पीड़ित हैं एवं लोगों के सम्मुख नहीं आ पा रही हैं उनके संबंध में भी जानकारी इकट्ठा कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा इसके अलावा उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मिलने वाले बजट को घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं से संबंधित कार्यक्रमों पर भी खर्च करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को हर मंच से उठाने एवं उससे संबंधित कार्यक्रमों का नियमित आयोजन जनपद के विभिन्न तहसीलों एवं ब्लॉकों में करने के निर्देश दिए। समस्याओं के क्रम में गीता देवी पत्नी कैलाश निषाद ने बताया कि 23 वर्ष से मुकदमा लड़ रही हूं कोर्ट से घर में रहने एवं खर्च देने का आदेश होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। पूनम सिंह पत्नी राजेश सिंह ने बताया कि 17 वर्ष से मुकदमा लड़ रही हूं घर में रहने एवं खर्च देने का आदेश कोर्ट से होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। वंदना पत्नी सौदागर ने बताया कि वर्ष 2016 में शादी हुई मात्र दो माह बाद से ही मुकदमा अभी तक लड़ रही हूं अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। परवीन बानो ने बताया कि मेरे पति ने इस बात के लिए मुझे छोड़ दिया कि मुझसे सिर्फ लड़कियां पैदा होती हैं लड़के नहीं। किरन पत्नी सदानंद ने बताया कि मेरी शादी वर्ष 2021 में हुई थी कुछ ही दिन बाद मेरे पति किसी अन्य महिला से शादी कर ली और मेरे द्वारा विरोध करने पर मुझे घर से निकाल दिया। जिलाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि घरेलू हिंसा की शिकायतों पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने समाज से भी अपील की है कि यदि उनके आस–पास किसी भी महिला के साथ हिंसा हो रही है, तो उसकी सूचना प्रशासन को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। प्रशासन महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू हिंसा को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की है कि वे हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ें और अपनी सुरक्षा के लिए आगे आएं।

# किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के खिलाफ दी तहरीर

**– बिना अनुमति दरगाह में बलपूर्वक प्रवेश किए जाने का मामला**

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। पंजी.त वक्फ दरगाह हजरत शाह कवामुद्दीन अब्बासी उर्फ हाजी हरमैन शाह (रह0) की कमेटी के पदाधिकारियों ने एसएचओ चौक को एक (वक्फ पंजीकरण संख्या–94/2) पर 26 अप्रैल 2025 को अवैध रूप से बलपूर्वक प्रवेश कर सामूहिक रूप से विध्वंस, तोड़फोड़, धार्मिक अपमान एवं आपराधिक कार्य किए जाने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने हेतु तहरीर दी। सैयद बाबर इस्लाम पुत्र सैयद याकूब अशराफ ने शिकायत की है कि थाना चौक क्षेत्र स्थित केजीएमयू परिसर में एक विधिवत पंजी.त वक्फ दरगाह हजरत शाह कवामुद्दीन अब्बासी उर्फ हाजी हरमैन शाह (रह0) (वक्फ पंजीकरण संख्या– 94/2) पर 26 अप्रैल 2025 को डॉ0 के0के0 सिंह, नोडल अधिकारी व प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद (वाइस चांसलर) किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने अपने अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ लगभग 15–20 लोगों के समूह में पूर्वनिोजित उद्देश्य से दरगाह परिसर में प्रवेश किया आरोप है कि बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश, बिना वक्फ बोर्ड की अनुमति तथा किसी वैधानिक अधिकार के उक्त व्यक्तियों द्वारा दरगाह परिसर में बलपूर्वक प्रवेश किया गया और वहाँ उपस्थित लोगों के विरोध के बावजूद धार्मिक संरचनाओं, चबूतरे, दीवारों एवं अन्य स्थायी निर्माणों को क्षतिग्रस्त एवं ध्वस्त करना प्रारंभ कर दिया गया कार्यवाही की मांग शिकायतकर्ता ने मांग की है कि इस अवैध कार्यवाही के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए और आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाए।



# बहन की विदाई के बाद भाई की मौत, परिवार में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर, नूरपुर। शनिवार की शाम करीब आठ बजे मुरादाबाद हाईवे पर सड़क हादसे में बाइक सवार रेल विभाग में लोको पायलट आकाश उर्फ नीटू (32) निवासी गौहावर जैत की मौत हो गई। उसका साथी लक्षित गंभीर रूप से घायल हो गया। आकाश की बहन की शुक्रवार रात बरात आई थी और शनिवार सुबह उसकी विदाई हुई थी। बहन की शादी के लिए ही वह छुट्टी लेकर घर आया था। सुबह बहन की विदाई और शाम को भाई की मौत हो जाने से परिवार और गांव में शोक व्याप्त है। शनिवार की शाम आकाश अपने दोस्त लक्षित के साथ सैदपुर भट्ठे पर अपने रिश्तेदार से मिलकर वापस आ रहा था। पूरनपुर नंगला के पास उनकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल लक्षित को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन घायल को मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आकाश के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। आकाश रेल विभाग में लोको पायलट था। उसकी मुरादाबाद में तैनाती चल रही थी। बहन की शादी के लिए वह छुट्टी लेकर घर आया था। वह अपने पीछे कैंसर से जूझ रहे पिता, पत्नी और एक वर्षीय बेटी को रोता–बिलखता छोड़ गया है। सीओ चांदपुर का कहना है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# सफलता के मतों के साथ परीक्षार्थीयों को मिली विदाई

**- 12 वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई**

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। मटेही कला में स्थित श्रीमती राजकुमारी देवी ललिता प्रसाद यादव इंटर कालेज में सोमवार को बोर्ड परीक्षार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा नौ की छात्रा सावित्री ने स्वरचित कविता समय हो गया कि आज अलविदा की घड़ी आई हैं के माध्यम से भावुकता के पलों को यादगार बना दिया। प्रधानाचार्य पंकज यादव ने बोर्ड परीक्षा में आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परीक्षार्थीयों को सलाह दी कि वे कठिन विषयों का बार बार अभ्यास करें और परीक्षा के दौरान उत्तरों को स्पष्ट व सरल भाषा में लिखें।इस मौके पर सभी शिक्षक मौजूद रहें।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के पटलों का किया औचक निरीक्षण

**– समीक्षा बैठक में लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आयुक्त आगरा मण्डल आगरा नगेन्द्र प्रताप द्वारा ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम की साउंड क्वालिटी उच्च स्तरीय होनी चाहिए ताकि कार्यक्रमों के दौरान स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने लाइटिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर लाइट और साउंड व्यवस्था होने पर ही इस ऑडिटोरियम की असली उपयोगिता सिद्ध हो सकेगी। ऑडिटोरियम की रूफ ट्रस पर उच्च गुणवत्ता की व मानकों के अनुसार ही रूफ शीट लगाए जाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् आयुक्त महोदय ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों की सुचिता और व्यवस्था परखने के लिए अभिलेखागार एवं प्रशासनिक अधिकारिक कक्ष, बंदोबस्त अधिकारी कक्ष, नजारत अनुभाग, चकबंदी एवं भूलेख विभाग का जायजा लिया। सुरक्षा मानकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए आयुक्त महोदय ने परिसर में लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट की बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में अग्निशमन यंत्रों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिए, साथ ही अग्निशमन यंत्रों को चलाने में निपुण कर्मचारियों की भी नियुक्ति होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जा सके। इस दौरान कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी श्री रमेश रंजन के साथ समस्त अपर जिलाधिकारियों और कलेक्ट्रेट कर्मियों के साथ आयुक्त महोदय ने एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि न्यायालयों और कार्यालयों में लंबित वादों का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यवाही को अनावश्यक रूप से न लटकाया जाए। एक नोटिस देकर कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर निरीक्षण समस्याओं के समाधान में सबसे कारगर हथियार हैं अधिकारी फील्ड विजिट और कार्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। मत्स्य पट्टों के आवंटन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवंटन नियमानुसार तालाब पर ही हो रहा है, न की खेत पर। इसकी मौके पर जांच अनिवार्य है। राजस्व की ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण अधिकारी स्वयं देखकर सुनिश्चित करें, साथ ही ऑफिस की पत्रावलियों का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से किया जाए। आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों का कोई भी देय या सेवा संबंधी मामला लंबित न रहें, इसे तत्काल निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पेंशन संबंधी मामले लंबित न रहे। इसी के साथ उन्होंने राजस्व परिषद की लंबित ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण कराए जाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त, अपर आयुक्त आगरा उपस्थित रहें।



# मटियारा को हराकर बेलाखारा स्पोर्टिंग क्लब फाइनल में पहुंची

न्यूज वाणी ब्यूरो /डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ तहसील क्षेत्र के भीमगंज खेल मैदान मैदान में चल रहे डलमऊ प्रीमियर क्रिकेट लीग का फाइनल मैच मटियारा स्पोर्टीग क्लब और बेलाखारा स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। जिसमें बेला खारा स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों द्वारा अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में विजय घोषित किए गए। मटियारा स्पोर्टिंग क्लब के कप्तान विनोद कुमार फौजी द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में कुल 119 रन का लक्ष्य रखा जीत के लक्ष्य को पाने के लिए बैटिंग करने उतरी कैप्टन फुरकान करैशी की बेलाखरा स्पोर्टिंग क्लब की टीम दरा 14 ओवर में ही लक्ष्य को पार करते हुए जीत हासिल कर लिया। फाइनल मैच में 69 रन बनाने वाले नीरज कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं 82 रन और 9 विकेट लेने वाले हैदर अली को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किए गए। मुख्य अतिथि किशोरी लाल यादव और विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार और कमेटी के अध्यक आलोक कुमार यादव द्वारा विजेता टीम और उपविजेता टीम को पुरस्कार किया गया। स्मोक पर देव आनंद सद्दाम ओपी यादव केके अवस्थी धीरज सोनी प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने तहसील पैलानी का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने तहसील पैलानी का निरीक्षण किया। तहसील पैलानी की विभिन्न पटलों खतौनी नकल पटल, राजस्व निरीक्षण पटल, संग्रह अधिष्ठान पटल, नजारत एवं लेखपाल कक्ष का गहनता से निरीक्षण करते हुए पटल सहायकों से किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए एक वर्ष से अधिक समय के वादों का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। वसूली की समस्या में पाया गया कि 92 प्रतिशत वसूली की गयी है। उन्होंने बैंक एवं विद्युत देयकों की वसूली भी करने के निर्देश दिये। दस बडे बकायेदारों की वसूली की समीक्षा करते हुए बकायेदारों से वसूली करने के निर्देश दिये। दाखिल दतर के मामलों का समय से निस्तारण करने एवं 116 के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्मिकों के अभिलेखों जीपीएफ व एनपीएस कटौती किये जाने तथा अभिलेखों को पूर्ण रखने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। लेखपाल कक्ष का निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया। नजारत कार्यालय में रजिस्टर–9, दैवीय आपदा रजिस्टर तथा रजिस्टर नंम्बर–4 का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को दुरस्त रखने के निर्देश दिये। भूलेख अभिलेखागार का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का रख–रखाव व्यवस्थित रखने एवं पुराने प्रपत्रों को हटाकर बीड किये जाने के निर्देश दिये। पट्टा आवंटन, विभागीय कार्यवाही तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियों के देयकों का भुगतान किये जाने के कार्यों का निरीक्षण करते हुए समय से कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित वर्मा, तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह, अन्य तहसील के कर्मचारीध्पटल सहायक उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने एमआर अभियान का किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। डा0 विजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा द्वारा छत्रसाल स्कूल स्टेशन रोड में एम०आर० अभियान का उद्घाटन किया गया। यह अभियान माह फरवरी में 16 फरवरी से 27 फरवरी तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरूवार एवं शुक्रवार को संचालित किया जाना है। उक्त अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों (स्कूल, मदरसे इत्यादि) में अध्ययनरत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक डोज दी जायेगी। जनपद के 1566 स्कूलों में 125931 बच्चों को एम०आर० वैक्सीन से आच्छादित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एम०आर० वैक्सीन बच्चों को खसरा एवं रूबेला बीमारी से बचाने में सहायक है। इस वैक्सीन का कोई भी दुष्प्रभाव नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में जाकर बच्चों को एम०आर० वैक्सीन की डोज देगी जिसमें सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों द्वारा सहयोग किया जायेगा। आप सभी जनपदवासियों से अपील है कि आप अपने बच्चों को उपरोक्त टीकाकरण कराने में पूर्ण सहयोग करें जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर डा० अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा० विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, संजू कश्यप आर०सी० यूनीसेफ, अवंतिका तिवारी डी०एम०सी० यूनीसेफ, कुशल यादव डी०पी०एम० एन०एच०एम०. रोहित कुमार सिंह वी०सी०सी०एम० यू०एन०डी०पी०, संदीप पराशर जे०एस०आई० एवं जितेन्द्र कुमार शिक्षा विभाग उपस्थित रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण त्रस्त, अंधेरे में डूबते गांव

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराईच। नानपारा क्षेत्र के ग्राम माधी, बनजरिया, सरैयां सहित कई गांवों के उपभोक्ता इन दिनों भीषण विद्युत कटौती से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब से उन्हें बंजारन टांडा से विद्युत सप्लाई दी जा रही है, तब से आए दिन बिना सूचना के बिजली काट दी जाती है। खासकर शाम के समय होने वाली अघोषित कटौती ने ग्रामीण जीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। ग्रामीणों महफूज अली, घसीटे खान, शोभाराम चौहान, बच्छराज, गिरधारी और जाकिर खान अलीउल्लाह खान, नकछेद, कमलुदद्दीन ने बताया कि शाम ढलते ही बिजली गुल हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और छोटे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। मोबाइल चार्जिंग, पानी की मोटर और रोशनी जैसी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं।

# जंगली हाथी ने सौ वर्षीय बाबा को पटक कर मार डाला

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिले के सुरेश दास बाबा (100 वर्ष) कारीकोट क्षेत्र के हजारीपुरवा गांव के निवासी थे। वह कटियारा बाबा कुटिया में लगभग 15 साल से पूजा–पाठ करते थे। वह बाल ब्रम्हचारी थे। रविवार रात करीब 8.30 बजे पुजारी अपने साथी राम लखन के साथ खाना खा रहे थे। खाना खाने के बाद राम लखन थाली धोने चले गए और पुजारी कुटिया में ही मौजूद थे। उसी समय एक दांत वाला हाथी कुटिया में घुस गया। राम लखन ने बताया कि जब वह वापस कुटिया में आए तो देखा कि अंदर हाथी मौजूद है। वह टॉर्च लेने के लिए चले गए। तभी हाथी झोपड़ी तोड़ने लगा। वहां मौजूद पुजारी ने हाथी से कहा, ष्सब तोड़ दोगे क्या? हम कहां रहेंगे? इतने में हाथी ने पुजारी को दौड़ा लिया। पुजारी भागने में नाकाम रहे। गुस्से में हाथी ने उन्हें दांत में फंसाकर पटक दिया। फिर उनके ऊपर पैर रख दिया। हाथी के कुचलने से पुजारी की मौत हो गई। राम लखन ने फौरन घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान श्याम लाल ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। सुजौली थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा और वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। कतर्नियाघाट के रेंजर आशीष गोंड ने बताया कि हाथियों की गतिविधि बढ़ी हुई है, जिससे रात में मौके तक पहुंचने में दिक्कतें आईं। वन विभाग के रेंजर आशीष गौढ़ ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का मूवमेंट बढ़ गया है। वनकर्मियों और गजमित्रों की टीम को अलर्ट कर दिया गया है। जंगल से सटे गांवों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि रात में टॉर्च लेकर ही घर से बाहर निकलें और अकेले जंगल की ओर न जाएं।

***इनसेट–***

## दो दिन के अंदर हुई दूसरी मौत

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत बिछिया–मिहीपुरवा मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक हाथी के हमले में बाइक सवार महिला की मौत हो गई थी। वहीं, दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर बाइक की रतार धीमी होते ही हाथी ने हमला कर दिया। बड़े बेटे करन और छोटे बेटे अर्जुन ने बताया कि हाथी ने सूंड से उनकी मां को पटक दिया और पैरों तले रौंदते हुए जंगल की ओर चला गया।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## – पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई, शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। एसएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को न्याय दिलाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

# संत रविदास धर्मशाला का प्रबंध समिति के गठन पर हुआ विचार विमर्श

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संत रविदास धर्मशाला, पक्का तालाब में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार धर्मशाला से जुड़े हुए समाज के प्रबुद्धजनों, समाजसेवी तथा छात्रावास में रह रहे छात्रों की उपस्थिति में एक अहम बैठक हुई। जिसमे जसराम सिंह दोहरे की अध्यक्षता में संत रविदास जी को नमन करते हुए डा. संजय कुमार ने उपस्थितजनों को धर्मशाला की जीर्ण–शीर्ण स्थिति और उनके कारणों से अवगत कराया और कहा कि देखरेख के अभाव के कारण वर्तमान में धर्मशाला की इमारत जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। इसके जीर्णोद्धार हेतु समाज के प्रत्येक व्यक्ति को तन, मन और धन से सहयोग करना होगा, उन्होंने बताया कि यह धर्मशाला इटावा और औरैया जिले के बहुजन समाज के मिशनरी लोगों की ऐतिहासिक विरासत है, जिसे बचाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य और जिम्मेदारी है। लज्जाराम वर्मा ने अपने संबोधन में सुझाव दिया कि रविदास धर्मशाला की नई कमेटी करके विधिवत पंजीकरण कराया जाए तथा पंजीकरण के उपरांत बैंक खाता खोला जाए, जिससे धर्मशाला की दशा और दिशा में सकारात्मक पहल निर्धारित हो सके। कार्यक्रम में एडवोकेट संदीप कुमार भारतीय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रविदास धर्मशाला की वर्तमान दयनीय स्थिति के लिए कहीं न कहीं पूर्व कमेटी भी जिम्मेदार रही है, जो समय रहते आवश्यक ध्यान नहीं दे सकी। उन्होंने घोषणा की कि धर्मशाला परिसर में शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे अतिक्रमण, अव्यवस्था और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगेगी। धर्मशाला की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। एडवोकेट राजेन्द्र दोहरे ने भी धर्मशाला की दुर्दशा हेतु चिंता व्यक्त की और एक समिति के गठन के लिए सुझाव दिया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विनोद कुमार त्रिशरण, हेतराम सिंह, सचिन भारतीय, डा. अमर सिंह गौतम, अध्यापक राजेश कुमार, महेन्द्र प्रताप सिंह, डा. विप्लव चौधरी, डा. मुकेश सिंह, जगन्नाथ, प्रशांत गौतम, संजय दोहरे, नरेन्द्र सिंह, पुठियॉ से चन्द्रशेखर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने समिति के गठन और पंजीकरण हेतु सहमति व्यक्त की।



# लक्ष्मीबाई महिला व बाल सम्मान कोष योजना हेतु डीएम ने ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत प्राप्त प्रकरणों में क्षतिपूर्ति दिए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कुल 29 प्रकरण चर्चा प्रस्तुत किए। बारी बारी से प्रकरणों की जांच की गई। इस दौरान कुल 9 प्रकरण अस्वी.त किए गए, जिसमें 6 मामलों को दोष मुक्ति के कारण अ स्वी.त किया गया। तीन प्रकरण इस योजना के तहत पात्र नहीं पाए गए। 10 प्रकरणों को जिलाधिकारी ने स्वी.ति प्रदान की। इसके अलावा शेष 19 लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करते हुए समस्त पात्रों को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश जिला अधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने समस्त लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु पुनः बैठक करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन, सीएमएस जिला महिला अस्पताल, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्वेता त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली त्योहर विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**(1) गाड़ी सं. 09031/09032 उधना जं.-हसनपुर रोड अनारक्षित होली त्योहार विशेष रेलगाड़ी**

| 09031 उधना जं.-हसनपुर रोड | | | 09032 हसनपुर रोड-उधना जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:25 | उधना जं. | 15:00 | -- |
| 05:48 | 05:50 | मानिकपुर | 11:10 | 11:12 |
| 07:35 | 07:40 | प्रयागराज छिवकी | 08:25 | 08:30 |
| 20:00 | -- | हसनपुर रोड | -- | 21:45 |

**उधना जं. से-** गाड़ी सं. **09031** (रविवार) दिनांक- **22.02.2026** तथा **01.03.2026, 08.03.2026, 15.03.2026, 22.03.2026** एवं **29.03.2026** तथा **हसनपुर रोड से-** गाड़ी सं. **09032** (सोमवार) दिनांक- **16.02.2026, 23.02.2026, 02.03.2026, 09.03.2026, 16.03.2026, 23.03.2026** एवं **30.03.2026** **संरचनाः** सामान्य श्रेणी-20

**(2) गाड़ी सं. 03009/03010 डानकुनी जं.-आनंद विहार (ट.) होली त्योहार विशेष रेलगाड़ी**

| 03009 डानकुनी जं.-आनंद विहार (ट.) | | | 03010 आनंद विहार (ट.)-डानकुनी जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:20 | डानकुनी जं. | 23:30 | -- |
| 16:20 | 16:22 | मिर्जापुर | 05:38 | 05:40 |
| 17:40 | 17:45 | प्रयागराज जं. | 03:00 | 03:05 |
| 21:00 | 21:05 | गोविंदपुरी | 23:30 | 23:35 |
| 23:10 | 23:12 | इटावा | 18:43 | 18:45 |
| 01:25 | 01:27 | टूण्डला | 17:43 | 17:45 |
| 11:00 | -- | आनंद विहार (ट.) | -- | 15:00 |

**डानकुनी जं. से-** गाड़ी सं. **03009** (शनिवार) दिनांक- **28.02.2026** एवं **07.03.2026** तथा **आनंद विहार (ट.) से-** गाड़ी सं. **03010** (रविवार) दिनांक- **01.03.2026** एवं **08.03.2026** **संरचनाः** वाता. तृतीय श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-10, सामान्य श्रेणी-06

ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 353/26 FA

# लालपुरा जैन मंदिर में 25 मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान से हुआ गुंजायान

## - आचार्य श्री से आशीर्वाद लेने पहुंचे सभासद प्रतिनिधि अरविंद यादव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा में इन दिनों धर्ममय और आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है। तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी के अंतिम शिष्य आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी ससंघ विराजमान हैं। उनके पावन सान्निध्य में पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो उठा।विधान का शुभारंभ विधानाचार्य आशीष जैन शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक संपन्न हुआ तथा केसर मिश्रित जल से आचार्य श्री के मुखारविंद से शांति



बोली गई। शांति धारा करने का सौभाग्य नमन जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत संगीतमय वातावरण में विधान प्रारंभ हुआ और "जय जिनेंद्र" के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इंद्रों द्वारा प्रस्तुत भक्ति नृत्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।सायंकाल आरती घर से लाने का सौभाग्य शैलेश जैन आगरा वाले,परिवार को प्राप्त हुआ। गाजे–बाजे और भक्ति नृत्य के साथ आरती मंदिर लाई गई, तत्पश्चात श्रीजी एवं आचार्य श्री की भव्य आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर सभासद हेमलता यादव एवं प्रतिनिधि सभासद अरविंद यादव ने आचार्य श्री से विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज अध्यक्ष सहित संजू जैन, ठेकेदार राजू जैन बर्तन, सोनू जैन, सुनील जैन, पीयूष जैन एवं विवेक जैन पूरन जैन ने तिलक एवं रुपटा उढ़ाकर सभासद का सम्मान किया।भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भक्ति नृत्य में झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर धर्म एवं आस्था के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में रोहित जैन,वैभव जैन, अभिषेक जैन,गौरव जैन बंटी जैन ,सौरभ जैन भोलू जैन सहित श्री दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सकल दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत हुई जिला कार्यशाला

## – भाजपा को बूथ स्तर तक संगठित करने में प्रशिक्षण अभियान निभाएगा अहम भूमिका : अरुण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पार्टी के प्रेरणा पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद प्रभारी एवं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता को तराशने की प्रक्रिया है। जो सीखता है वही आगे बढ़ता है और जो सीखना बंद कर देता है, उसका विकास भी रुक जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दर्शन को भाजपा की कार्य संस.ति की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम है, जो कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व के स्तर पर समृद्ध करेगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और सेवा भाव के प्रति और अधिक सजग बनाएगा। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता विचार से .ढ़ और व्यवहार से विनम्र होगा, तभी संगठन की शक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी। कार्यशाला के समापन अवसर पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना, सांगठनिक कौशल विकसित करना और सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर दो दिवसीय, मंडल स्तर पर एक दिवसीय तथा बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला को पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ. रमाकांत शर्मा एवं गोपाल मोहन शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अभियान सह संयोजक एवं जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, अजय धाकरे, पर्वत सिंह यादव, शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, डॉ. ज्योति वर्मा, विमलेश शाक्य, देवप्रताप भदौरिया, विक्रम अग्रवाल, दीपक नाथ चौधरी, रजत चौधरी, राहुल राजपूत, चक्रेश जैन, राजकमल यादव, संजीव भदौरिया, डॉ. सौरभ दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, शरद तिवारी, अंकित सैनी सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण अभियान से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# धूमधाम से मनाई जाएगी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं मराठा समाज के संयुक्त तत्वाधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे होमगंज में एकत्र होकर शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा होमगंज से तहसील चौराहा, बजाज लाइन, नगर पालिका चौराहा एवं कोतवाली चौराहा होते हुए पुरबिया टोला स्थित तलैया मैदान पहुंचेगी, जहां शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर रुद्राभिषेक कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी धर्मेश कुमार उर्फ मौधू एवं डॉ हरी शंकर पटेल ने संयुक्त रूप से दी। वहीं मराठा समाज के संरक्षक वसंत पाटिल एवं अध्यक्ष प्रकाश मराठा ने बताया कि जयंती के अवसर पर इटावा शहर के साथ–साथ भरथना, जसवंत नगर एवं लखना के मराठा समाज के प्रतिष्ठान बंद रहेंगे तथा सभी समाज बंधु कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# मांग पूरी न हुई तो बड़ा आंदोलन करेंगे ठगी पीड़ित

## - ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की बैठक में हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार को नहर कालोनी परिसर में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें बड्स एक्ट के तहत जिलाधिकारी कार्यालय में भुगतान पटल पर जमा हो रहे फार्मों को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मांग पूरी न हुई तो संगठन बड़ा आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि डीएम कार्यालय में भुगतान पटल खुला हुआ है। जिसमें आवेदन जमा हो रहे हैं लेकिन नियमों की अनदेखी की जा रही है। भुगतान आवेदन जमा की न तो रिसीविंग दी जा रही है और न ही जमा तारीख निश्चित की जा रही है। बताया कि एक सितंबर 2024 से अनिश्चितकालीन आंदोलन नहर कालोनी परिसर में चल रहा है। जिले के अधिकारी भी आते हैं और झूठा आश्वासन देकर चले जाते हैं। इसलिए संगठन अब बड़ा आंदोलन करेगा। मांग किया कि समय रहते कार्यालय में जमा हो रहे भुगतान आवेदन को नियमतः और सुनिश्चित समय पर किए जाएं। इस मौके पर सूरजदीन विश्वकर्मा, राकेश कुमार साहू, रामसरनदास, डा. रामस्वरूप वर्मा, चन्द्रशेखर प्रजापति, हरीओम प्रजापति, सतीष कुमार विश्वकर्मा, राजेश चन्द्र मिश्र, चन्द्रभूषण सिंह, रामगोपाल लोधी, विनोद कुमार मोर्य, अमृतलाल, रामऔतार, लखनलाल, शिवलाल, रूद्रपाल शर्मा, बलराम चन्द्र, रामा देवी, रेखा देवी, जयदेवी, बेबी परवीन, ज्ञानमती, अनीता देवी, बीना देवी, ननकी देवी, सावित्री देवी, सोमवती भी मौजूद रहीं।



# लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज में हुआ विदाई समारोह

## - छात्रों को रोली टीका लगाकर दिया उपहार



न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज पनी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट की छात्र–छात्राओं को रोली टीका लगाकर विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान छात्राओं में विद्यालय के प्रति मोह झलका। विदाई समारोह में विद्यालय के प्रबंधक विपिन बिहारी शरन ने छात्र छात्राओं को रोटी टीका लगाकर उन्हे उपहार भेंट किया जिससे छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधानाचार्य अभिताभ बिहारी शरन ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कठिन परिश्रम करते हुये परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिये प्रेरित किया। विद्यालय की संरक्षिका उपासना शरन ने छात्राओं को रोली टीका लगाकर विदाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल, कमलचंद वर्मा, आशीष मिश्रा, लीना श्रीवास्तव जुबेरिया खातून, खुशनुमा, प्रतिभा, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुददुश, रवि गुप्ता सुरेन्द्र पाठक मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव विशाल धनुष यज्ञ आयोजन की बनाई रणनीति

## - हिंदू महासभा व हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट की हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा व हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट की बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 13 व 14 मार्च को 22 वां वार्षिक उत्सव विशाल धनुष यज्ञ आयोजन दो दिवसीय रामलीला के आयोजन हेतु कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी बांटी गई। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी मनोज त्रिवेदी ने कहा कि जनपद की ऐतिहासिक रामलीला के सफल आयोजन हेतु सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से जुटकर प्रचार प्रसार करके धर्म की ध्वजा को फहराना है। उन्होंने कहा कि श्री राम की भूमिका में रामदत्त बांदा अतर्रा, लक्ष्मण की भूमिका में आनंद अवस्थी कानपुर, परशुराम की भूमिका में राम बाबू द्विवेदी मयंक बिल्हौर कानपुर, व्यास पीठ पर विनय तिवारी कानपुर, सुशील सिंह चित्रकूट, वक कमलाकांत त्रिपाठी दीनदयाल कानपुर आदि प्रमुख अभिनेता गण पधार रहे हैं। 13 मार्च को श्री गणेश वंदना श्री राम हनुमान मिलन, श्री राम सुग्रीव मित्रता, श्री बाली वध सीता खोज तथा लंका दहन एवं 14 मार्च शनिवार को जनपद के वरिष्ठ रामलीला अभिनेताओं तथा समाजसेवियों का सम्मान, संध्या बंनदन, जनक दरबार सीता विलाप, श्री राम जानकी विवाह श्री परशुराम लक्ष्मण संवाद तथा श्री राम विलाप आदि का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से रामगोपाल शुक्ला, स्वामी राम आसरे आर्य, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, करण सिंह पटेल, ब्रहेश उर्फ गोरे तिवारी, शिवाकांत तिवारी, संतोष नेता मूलचंद गुप्ता, दीपक यादव, प्रांजुल मणि, संगीता गुप्ता नीलम यादव सुधा सिंह उपस्थित रहे।



# भारतीय पूर्व सैनिक लीग के तत्वावधान में हुआ सम्मान समारोह

## – प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय पूर्व सैनिक लीग के तत्वावधान में सोमवार 16 फरवरी को सैनिक कल्याण बोर्ड, स्टेशन बजारिया में सैनिक कल्याण




अधिकारी कमांडर हयातउल्ला के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लीग के जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह ने की। कमांडर हयातउल्ला ने जनपद इटावा में अपने चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं समस्त पूर्व सैनिक पदाधिकारियों ने उन्हें संगठन का प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह ने कहा कि कमांडर हयातउल्ला ने अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें प्रशासन तक पहुंचाकर उनका समाधान कराया। उन्होंने बताया कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि सैनिक कल्याण बोर्ड परिसर में शहीद स्तंभ का निर्माण कराना रहा, जो पूर्व सैनिकों के लिए गौरव का विषय है। विदाई समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. हरीशंकर पटेल ने भी कमांडर हयातउल्ला के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सादगी, समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में भारतीय पूर्व सैनिक लीग इटावा के सैकड़ों पूर्व सैनिकों एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर कमांडर हयातउल्ला को भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एम्बिशन स्कूल में चिल्ड्रेन्स फेस्ट का हुआ आयोजन

## – बच्चों ने लगाए स्टाल, सभी ने सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एम्बिशन पब्लिक स्कूल में चिल्ड्रेन्स फेस्ट का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसमें क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल हफीज, मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, कासिम अली एडवोकेट ने अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि और बुद्धिजीवी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से अधिवक्ता अमरजीत भारती, मो. अरशद के अलावा जनप्रतिनिधि सभासद आफताब, इसमाइल, और धीरज कुमार के अलावा अजीत विद्यार्थी शामिल रहे। प्रबंधक दिलशाद अहमद और प्रधानाचार्या आरती सोनी ने भी प्रतिभाग किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टालों और उनकी कला.तियों का अवलोकन किया। प्रबंधक दिलशाद अहमद ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, वहीं प्रधानाचार्या आरती सोनी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ–साथ सह–पाठयक्रम गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।









# गैस सिलेण्डर फटने से आयुर्वेदिक चिकित्सक समेत आधा दर्जन झुलसे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ मुहल्ला आजादनगर में सोमवार की शाम दवा बनाते समय गैस सिलेण्डर फट जाने से आयुर्वेदिक चिकित्सक समेत लगभग आधा दर्जन लोग झुलस गए। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां चार लोगों की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सक को सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनकी भी हालत नाजुक देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा बहुआ आजादनगर निवासी आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. जमील अहमद 50 वर्ष, अकील अहमद 25 वर्ष, उजैफा 14 वर्ष, अबु सहमा 13 वर्ष व बुशरा 10 वर्ष के साथ घर में दवा बना रहा था। तभी अचानक गैस सिलेण्डर फट जाने से घर में आग लग गई। विस्फोट की आवाज सुनकर आस–पास के लोग मौके पर पहुंच गए। कमरे में सभी आग की लपटों में घिर चुके थे। जिन्हें लोगों ने तत्काल बाहर निकाला और सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने अकील अहमद, उजैफा, अबु सहमा व बुशरा की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वहीं डा0 जमील अहमद को सदर अस्पताल के लिए लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# बाइकों की भिड़ंत में मासूम समेत पांच जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर के समीप सोमवार की दोपहर बाइकों की भिड़ंत में मासूम बच्चा समेत पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के उसरा गांव निवासी मनोज यादव की पत्नी गुड़िया देवी अपने 2 वर्षीय पुत्र सूरज के साथ कौशांबी जनपद के थाना सैनी गांव कनवार भगतपुर गई थी। वहां से दिलीप पुत्र राजलखन, नेहा पुत्री जयसिंह के साथ बाइक से वापस आ रही थी। जैसे ही ये लोग विजयीपुर के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां नेहा की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम ढुड़ियाही में सोमवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में 26 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर वापस चले गए। जानकारी के अनुसार ढुड़ियाही गांव निवासी श्यामलाल के पुत्र वीरेन्द्र ने सोमवार की सुबह घर के अंदर फांसी लगा लिया। परिजनों की नजर पड़ी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घर वाले शव को लेकर वापस चले गए।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चित्रकूट जनपद से भंडारा बनाकर गांव वापस आ रहे 65 वर्षीय वृद्ध की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने साथ में गए सगे भाईयों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के अजनई गांव निवासी स्व0 साबित अली का पुत्र सगीर अली तेरह फरवरी को गांव के ही धर्मेन्द्र सिंह, उसका भाई धनंजय पुत्रगण नोखेलाल चित्रकूट महाशिवरात्रि के पर्व पर भण्डारा बनाने के लिए गए थे। शाम को वापस आते समय अचानक कमासिन जनपद बांदा के समीप सड़क हादसे में सगीर अली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे दोनों भाई उपचार के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पुत्र मो0 सलीम ने बताया कि तेरह फरवरी को धर्मेन्द्र व उसका भाई धनंजय पिता को ले गए थे। महाशिवरात्रि के पर्व पर भण्डारे के बाद वापस ला रहे थे। तभी बीच में ही भाईयों ने उसके पिता की हत्या कर दी। हालांकि पुलिस का कहना है कि सड़क हादसे में मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# सात नए यूपी-112 वाहन मिले, एसपी ने दिखाई झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस को सात




नए चार पहिया स्कॉर्पियो वाहन (यूपी–112) प्राप्त हुए। इन अत्याधुनिक वाहनों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर आपातकालीन सेवा में रवाना किया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यूपी–112 आपातकालीन सेवा पुलिस और जनता के बीच त्वरित सहायता का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। नए वाहनों के शामिल होने से शहरी व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और अधिक तेज होगी तथा आपात स्थितियों में रिस्पॉन्स टाइम को कम करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन गौरव शर्मा, प्रभारी यूपी–112 राम केवल पटेल सहित यूपी–112 से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाहनों के बेहतर रख–रखाव, नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन वाहनों का मुख्य उद्देश्य आमजन को समयबद्ध, त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। नई स्कॉर्पियो वाहनों की तैनाती से न केवल अपराध नियंत्रण में मजबूती आएगी, बल्कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना को भी और अधिक सशक्त किया जा सकेगा।

# स्मार्ट क्लास लाइब्रेरी व टीएलएम किट का करें शत प्रतिशत प्रयोग : डीएम

## - कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर करें प्रेरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प व अन्य बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि परिषदीय विद्यालयों में जिन पैरामीटरों का कार्य शेष है, को जल्द से जल्द पूर्ण कराते हुए सभी पैरामीटरों से संतृप्त किया जाये। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि टाईलिकरण का कार्य आगामी माह तक पूर्ण करा ले, यदि ग्राम पंचायत में बजट नहीं है तो संबंधित ग्राम पंचायत के साथ परिषदीय विद्यालय का प्रस्ताव बनाकर रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति पंजिका, कलिंग रजिस्टर कक्षावार, एआरपी विजित रजिस्टर, निपुण तालिका का



मेनटेन, स्मार्ट क्लास व लाइब्रेरी का प्रयोग, टीएलएम किट का प्रयोग शत प्रतिशत कराना कराए इन सभी बिंदुओं का अनुपालन कराए और प्रमाण पत्र भी दे। बेसिक शिक्षा अधिकारी इसकी संवेदनशीलता के साथ निगरानी भी करे। परिषदीय विद्यालयों में जो बच्चे ज्यादातर अनुपस्थित रहते है, के अभिभावकों से बात कर शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उपस्थिति बढ़ाए और कलिंग रजिस्टर में भी विद्यालय न आने का कारण भी दर्शाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के लिए आईसीटी लैब स्थापित है उसके सापेक्ष जिन विद्यालयों में डिजिटलीकरण का प्रशिक्षण शेष रह गया है का प्रशिक्षण जल्द से जल्द पूरा कराए। डिजिटल कंटेंट के माध्यम से भी शिक्षा दी जाय। उन्होंने कहा कि जो परिषदीय विद्यालय के भवन जर्जर है कि नीलामी प्रक्रिया पूरी हो गई है, का जल्द से जल्द ध्वस्तीकरण कराना सुनिश्चित करें। पीएम श्री के तहत चयनित विद्यालयों में निर्माण कार्य चल रहा है, में तेजी लाए साथ ही मय फोटो के रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को दिए। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा 1–3 तक के बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रत्येक माह सभी बच्चों का निपुण शत प्रतिशत असेसमेंट अवश्य करे। उन्होंने कहा कि चिन्हित दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र अवश्य बनवाए यदि दिव्यांग बच्चों के आधार बनवाने में समस्या आ रही तो नए शासनादेश के अनुसार कराए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हो रहे उच्चीकरण के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति को जाना और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस नौशीन, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीसी मनरेगा, अधिशाषी अभियंता विद्युत, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचमुखी महादेव मंदिर मेले में दिखी शिव भक्तिकी अनुपम छटा

## - वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद ने उपस्थिति दर्ज कर सत्यम, शिवम व सुंदरम की व्याख्या किया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ऐरायां ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत इजूरा खुर्द स्थित



श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर चौथा वार्षिक मेला श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य रूप से आयोजित हुआ। हर–हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया और दूर–दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले की अध्यक्षता मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं पत्रकार ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के लीगल सेल चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान रहे। उनके साथ संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान, प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार शहंशाह आब्दी, प्रदेश उपाध्यक्ष ज़र्रेयाब खान, जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह सहित कई वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जावेद खान ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान शिव सत्यम, शिवम, सुंदरम के प्रतीक हैं और शिव भक्ति मानव को सत्य, करुणा और सामाजिक एकता का मार्ग दिखाती है। राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने महाशिवरात्रि को आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का पर्व बताया, जबकि ज़र्रेयाब खान ने शेरो–शायरी के माध्यम से गंगा–जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनपद भर से आए पत्रकारों को फूल–मालाएं और शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जावेद खान को माला, शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, वहीं शीबू खान को विशेष रूप से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार 18 अक्टूबर 2022 को गांव के एक खेत से भगवान शिव की प्रतिमा प्रकट हुई थी, जिसके बाद इस स्थान को शिवधाम के रूप में पहचान मिली और पंचमुखी महादेव मंदिर का निर्माण हुआ। मेले में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, भंडारे और सांस्ंतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। अंत में मेला कमेटी अध्यक्ष ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेला आस्था, संस्ंति और भाईचारे का प्रतीक है। इस दौरान पत्रकारों में शिवशरण बंधु, इसरार अहमद मुमताज, पारुल सिंह, सैय्यद शारिब क़मर अज़मी, धीर सिंह यादव, मेराज अहमद, करम मोहम्मद, पंकज सक्सेना, राजेश कुमार यादव, रमेश, प्रदीप कुमार, गुलाब सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नाजिया शेख, विमलेश मौर्या, अभय पांडेय भी मौजूद रहे।

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की समीक्षा बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार

## - नवमनोनीत पदाधिकारियों का हुआ स्वागत, कार्य करने की ली शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के पत्थरकटा चौराहा स्थित क्षत्रिय छात्रावास में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की समीक्षा बैठक एवं कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करना रहा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राणा राघवेन्द्र सिंह चौहान और युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक के दौरान पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया और सक्रिय कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। संगठन विस्तार के तहत कई निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। जिसमें अनन्त सिंह चन्देल जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ, विनय कुमार शुक्ला जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, प्रदीप श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष, मनोज सिंह, शिव महेश, आदित्य सिंह, जितेन्द्र सिंह जिला सचिव, विमल सिंह जिला महासचिव, सौरभ शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी, भानू पाल हस्वा ब्लाक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, निकेत सिंह जिला सचिव युवा प्रकोष्ठ शामिल हैं। नेताओं ने कहा कि नए पदाधिकारियों के जुड़ने से जिले में पार्टी का आधार मजबूत होगा। इस अवसर पर जगजीत सिंह, शिवबरदानी सिंह, धीरज सिंह परिहार, नवनीत प्रताप सिंह, अजीम के अलावा अधिवक्ता




समाज से विशाल सिंह गौतम, एसके वर्मा, सिद्धार्थ सिंह राठौर और विभव सिंह परिहार मौजूद रहे। पीर मोहम्मद, देवेश त्रिपाठी, अनिल प्रजापति, शिवम दीक्षित और लालू सरकार सहित समस्त जनसत्ता परिवार ने नए मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया और पार्टी हित में कार्य करने की शपथ ली। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी की समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की सक्रियता को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है। आगामी चुनावों और संगठन विस्तार को देखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा के साथ क्षेत्र में उतरना होगा।

# ग्राम पंचायत बरार में मृदा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## - किसानों को मिट्टी में कमियां होने की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विजयीपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत बरार के दरियापुर में वाटर शेड



महोत्सव जलागम समिति की ओर से मृदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उप सचिव भूमि संशाधन विभाग समी अहमद खान ने अपनी सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उहोंने किसानों को सिचाई के लिए पानी को एकत्रित करके तालाबो में कार्य किए जाने की जानकारी दी। जल स्रोत करके अधिक लाभ लिया जा सके। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी अख्तर हुसैन ने योजना के बारे में बताया कि लोग टयूबवेल में ड्रिप सिस्टम से सिचाई करे तो पानी की बरबादी कम होगी किसानों को लाभ मिलेगा। ईईसी खागा अमित कुमार द्वारा भी किसानों को जागरूक किया गया मेड़बन्दी व समतली कारण के बारे में विस्तार से बताया गया। पशु चिकित्साधिकारी विजयीपुर डॉ देवेंद्र सिंह द्वारा पशुओं के बारे में बीमारी व रख रखाव के बारे में जानकारी दी गयी किन नस्लो के जानवर कितना दूध देगे इस बारे में किसानों को जागरूक किया गया। उद्यान विभाग निरीक्षक पंकज कुमार में भी किसानों को अपनी आय कैसे बदले इस बाबत विस्तार से बताया गया। .षि रक्षा सहायक विकास अधिकारी संजय सिंह व विशुन सिंह प्रभारी ने भी किसानों को सलाह दी कि किसान दुकान से दवा तो ले आते है पर सही जानकारी न होने के कारण उनकी फसलों को फायदा कम नुकसान ज़्यादा होता है इसलिए किसानों को सरकारी दुकान से दवा लेने व सही मात्रा में डालने के बारे मे जानकारी दी। भूमि संरक्षण विभाग से सतेंद्र पांडेय, बृजेश विश्वकर्मा, अमित सिंह, लाल चंद साहू, ललित वर्मा, राहुल कुमार, सरोज कुमार, अमर सिंह, अनुराग वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में अवैध वसूली के मामले ने पकड़ा तूल

## - एक्स–रे टेक्नीशियन पर भ्रष्टाचार अधिनियम में मुकदमा, सीओ को जांच सौंपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में एक्स–रे के नाम पर सौ रुपए की कथित अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ गया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर कोतवाली नगर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजी.त कर लिया गया है। मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा को सौंपी गई है। तहरीर के अनुसार इंडो इन्फो प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के माध्यम से आउटसोर्स पर तैनात एक्स–रे टेक्नीशियन अतुल कुमार पर आरोप है कि वह एक्स–रे कराने आए मरीजों व तीमारदारों से अवैध धनराशि वसूलते हैं। 12 फरवरी को सदर तहसील में तैनात लेखपाल शैलेश तिवारी जिला अस्पताल पहुंचे थे। आरोप है कि उनकी मौजूदगी में एक मरीज से एक्स–रे करने से पहले सौ रुपए की मांग की और नगद भुगतान लिया। शिकायत में कहा गया है कि संबंधित कर्मी ने लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त किया, जो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की परिधि में आता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने उचित धाराओं में कार्रवाई का अनुरोध किया था। पुलिस अभिलेख के अनुसार, प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। विवेचना सीओ सिटी के स्तर से कराई जाएगी। जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में इस प्रकार के आरोप सामने आने से मरीजों में असंतोष है। अब निगाहें जांच पर टिकी हैं कि आरोप सिद्ध होते हैं या नहीं।

# किसान दिवस कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने अवगत कराया कि चालू माह का किसान दिवस 18 फरवरी को समय 12 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों व विशेषज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। .षकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

# मिलावटी रिफाइंड ऑयल से भरी पिकअप पकड़ी

## – 18 ड्रमों से 3148 लीटर सोयाबीन आयल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिंदकी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल से लदी एक पिकअप वाहन को कब्जे में लिया है। बिंदकी कोतवाली पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी, तभी सूचना मिली कि पिकअप संख्या यूपी–90टी/4618 से लूज रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल का परिवहन किया जा रहा है, जो मिलावटी प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने गांधी चौराहा के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। तलाशी के दौरान पिकअप में 18 प्लास्टिक ड्रमों में कुल 3148 लीटर रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल लदा मिला। तेल संदिग्ध प्रतीत होने पर वाहन को कब्जे में लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाया गया। फूड इंस्पेक्टर द्वारा तेल के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस की सतर्कता से संभावित मिलावटी खाद्य सामग्री की सप्लाई पर रोक लगी है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नीरज कुमार मौर्या, कांस्टेबल अरविन्द सिंह, उमेश कुमार शामिल रहे।

# प्लेसमेंट शिविर व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 18 फरवरी को प्रातः दस बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिन्दकी में प्लेसमेन्ट शिविर व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश स्तर की क्वीस कार्प द्वारा टाटा मोटर्स पंतनगर उत्तराखण्ड के लिये ट्रेनी पद हेतु इंटर/आईटीआई उर्त्तीण 18 वर्ष से 23 वर्ष, पुरुष वेतन 14500 प्रतिमाह, एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज द्वारा सुरक्षा जवान हेतु हाईस्कूल उर्त्तीण 18 वर्ष से 35 वर्ष पुरुष महिला वेतन 16500 प्रतिमाह, प्राइम कनेक्ट सर्विसेज फतेहपुर द्वारा टीवीएस सप्लाई चेन सोल्यूशन्स लिमिटेड जामनगर गुजरात हेतु आपरेटर के लिये इंटर स्नातक उर्त्तीण 18 वर्ष से 40 वर्ष पुरुष महिला वेतन 16500 प्रतिमाह एवं भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सखी हेतु इंटर, स्नातक उर्त्तीण 18 वर्ष से 45 वर्ष, महिला वेतन 7000 प्रतिमाह कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों को चयनित कर सेवायोजित किया जायेगा। प्लेसमेन्ट शिविर में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। कोई भी अभ्यर्थी जो इंटर, स्नातक, आई.टी.आई. व डिप्लोमा उर्त्तीण, आयु 18 से 35 वर्ष तक हो उक्त तिथि को अपने पंजीयन प्रपत्र स्वंय का बायोडाटा (कम से कम तीन प्रतियों में) व समस्त प्रमाण पत्रो सहित संस्थान परिसर में प्रातः 10 बजे तक अवश्य उपस्थित हो। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी विभाग के पोर्टल पर अथवा किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय में उपस्थित होकर व कार्यालय के दूरभाष संख्या 05180 298602 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# बलात्कार का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डुण्डरा की रहने वाली एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर दबंगों द्वारा बलात्कार कर जान–माल की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया। पीड़िता ने जांच कराकर दोषीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि ग्यारह फरवरी को चार बजे सुबह वह शौचक्रिया के लिए जंगल जा रही थी। तभी गांव के ही दो लोगों ने उसे पकड़ लिया और गले में छूरी रखकर उसे जबरन लाही के खेत में ले गए। जहां उसके साथ बलात्कार किया और जान–माल की धमकी दी। पुलिस से शिकायत किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे पीड़िता भयभीत है। उसने एसपी से मामले की जांच कराकर अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )